मीन : पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक व शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋषिकांत गोस्वामी

03 जून, बुधवार, **शक संवत्** : 13 ज्येष्ठ (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 20 ज्येष्ठ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम**: 16 जिल्हिजा, 1447, **विक्रमी संवत्** : द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्ण तृतीया तिथि रात्रि 09.22 मिनट तक। शुभ योग प्रातः 08.12 मिनट तक पश्चात शुक्ल योग, वणिज करण, चंद्रमा धनु राशि में (दिन-रात)।

सूर्य उत्तरायण। ग्रीष्म ऋतु। दोपहर 12 बजे से दोपहर 01.30 मिनट तक राहुकालम्। भद्रा प्रातः 08.12 मिनट से रात्रि 09.22 मिनट तक। श्री गणेश चतुर्थी व्रत।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

कृपया यह बताएं कि मुकदमे की फाइलें कहां रखें कि लाभ हो? -रीता नारंग, लखनऊ

- मुकदमे की फाइल दक्षिण पूर्व दिशा में नहीं रखनी चाहिए। इससे शत्रु पक्ष से झगड़ा बढ़ सकता है और मुकदमा हारने का भय रहता है।
- कोर्ट केस की फाइल बैंक की पासबुक या फिक्स्ड डिपाजिट के साथ नहीं रखनी चाहिए। कोर्ट केस की फाइल दक्षिण पश्चिम दिशा में रखने पर मुकदमे के बहुत लंबे समय तक चलने की संभावना रहती है। मुकदमे की फाइल ईशान कोण में रखना सबसे अच्छा होता है। इसके शुभ फल मिलते हैं। फाइल का कवर लाल या काला न हो। कटी-फटी भी न हो। फाइल के ऊपर केसर या हल्दी से ओम एवं श्री लिखें।

वर्ग पहेली : 8348



बाएं से दाएं
4. काव्य रचना; पदावली; पद्यमय विवरण; रसात्मक रचना (3)
6. बंदीकरण; मौके पर की गई गिरफ्तारी (2,3)
7. घटाना; निकालना (2,3)
11. हर समय काम में लगे रहना (2,2,2,3)
12. कार्य संपन्न करना; निपटाना; कारगर सिद्ध होना; प्रभावी होना; सफलता मिलना (2,3)
16. फंसाना; लालच देना; लालसा जगाना; लुब्ध करना (2,3)
17. मानदंड; स्तर (3)

ऊपर से नीचे
1. ओंठ; नीचे का; पहले का; धरती और आकाश के बीच का स्थान (3)
2. गीला पदार्थ पोतना (3)
3. पथ; मार्ग; रास्ता (3)
5. सोचना; संकल्प करना; ध्यान करना; मनन करना (3,3)
8. इतराना; चंचलता दिखाना; लचककर नखरे से चलना; कुल्हड़ (4)
9. लोकसमर्थन; जनता का समर्थन (6)
10. गीत रचने वाला; गीत लिखने वाला (4)
13. अज्ञान; अबोधता; नासमझी; मूर्खता (3)
14. अन्नादि रखने का स्थान; कोठार; कोष; खजाना (3)
15. चुनने का कार्य; निर्वाचन (3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली : 8347

सुडोकू : 8330 * आसान

4		1				2		6
			1	3	5			
8								1
7		4		8		1		2
6	8						7	3
9		3		2		8		4
5								9
			6	9	2			
3		6				4		7

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

सुडोकू : 8329

5	3	7	4	6	9	1	2	8
4	6	8	5	2	1	7	9	3
9	1	2	3	8	7	4	6	5
6	5	4	9	1	3	2	8	7
8	9	1	7	5	2	3	4	6
2	7	3	6	4	8	9	5	1
7	8	6	1	9	4	5	3	2
1	2	9	8	3	5	6	7	4
3	4	5	2	7	6	8	1	9

खाते से रकम निकाल एफडी में तेजी से निवेश कर रहे भारतीय

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय परिवारों के बचत करने के तरीके में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। देश में बड़ी संख्या में लोग अब बचत खाते में पैसा रखने के बजाय सावधि जमा (एफडी) में निवेश कर रहे हैं। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, बीते चार वर्षों में एफडी और अन्य सावधि जमाओं की हिस्सेदारी 55.2 प्रतिशत से बढ़कर 61.6 प्रतिशत हो गई।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले चार वर्षों में बैंक जमाओं के स्वरूप में बड़ा बदलाव आया है। मार्च 2022 में बैंकों की कुल जमाओं में बचत खातों की हिस्सेदारी 34.6 प्रतिशत थी, जो मार्च 2026 में घटकर 28.7 प्रतिशत रह गई। वहीं, इसी अवधि में एफडी और अन्य सावधि जमाओं की हिस्सेदारी में तेज बढ़ोतरी देखने को मिली है। आंकड़ों से यह भी पता चला कि सात फीसदी से कम ब्याज दर वाली एफडी की हिस्सेदारी पिछले वर्ष के 27.3 फीसदी से बढ़कर मार्च 2026 में 61.8 फीसदी हो गई।

तीन साल की एफडी में सबसे ज्यादा निवेश

रिपोर्ट के अनुसार, लोगों की सबसे ज्यादा रुचि तीन वर्ष की अवधि वाली एफडी में दिखाई दी है। मार्च 2022 में ऐसी एफडी का हिस्सा 50.4 प्रतिशत था, जो मार्च 2026 में बढ़कर 69.8 प्रतिशत हो गया। इससे संकेत मिलता है कि जमाकर्ता लंबे समय तक बेहतर ब्याज दर प्राप्त करना चाहते हैं।

एक करोड़ से अधिक वाली एफडी का दबदबा

यह भी सामने आया है कि बड़ी रकम वाली एफडी की हिस्सेदारी भी लगातार बढ़ रही है। एक करोड़ रुपये या उससे अधिक की एफडी कुल सावधि जमाओं का 46.3 प्रतिशत हिस्सा रखती है।

इनमें भी पांच करोड़ रुपये से अधिक की एफडी का हिस्सा 34.8 प्रतिशत है। इससे पता चलता है कि बड़े निवेशकों की भूमिका बढ़ती जा रही है।

वरिष्ठ नागरिकों का भरोसा कायम

रिपोर्ट के अनुसार वरिष्ठ नागरिकों की बैंक जमाओं में हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। यह दर्शाता है कि रिटायर लोगों के लिए एफडी अभी भी सबसे भरोसेमंद निवेश विकल्पों में शामिल है।

खाते पर कम ब्याज वजह

विशेषज्ञों के अनुसार, इस बड़े बदलाव के पीछे मुख्य वजह बचत खातों पर मिलने वाला बेहद कम ब्याज और खुदरा महंगाई की मार है। देश के बड़े बैंक वर्तमान में बचत खातों पर केवल 2.5 से 3 प्रतिशत तक ब्याज दे रहे हैं, जबकि एफडी पर 6 से 8 प्रतिशत तक ब्याज मिल रहा है। इसी वजह से निवेशकों का रुझान एफडी की ओर बढ़ा है।

महंगाई से घट रही बचत की असली कीमत

जब बचत खाते पर मिलने वाला ब्याज महंगाई दर से कम होता है, तो जमा धन की वास्तविक क्रय शक्ति घटने लगती है। अप्रैल 2026 में खुदरा महंगाई दर 3.48 प्रतिशत रही। इसका मतलब है कि बचत खाते में रखा पैसा धीरे-धीरे अपनी खरीद क्षमता खो रहा है।

घर-परिवार अब भी सबसे बड़े जमाकर्ता

रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2026 तक कुल बैंक जमाओं में घरेलू क्षेत्र की हिस्सेदारी 59.3 प्रतिशत रही। हालांकि, लोग अब एफडी के अलावा म्यूचुअल फंड और शेयर बाजार जैसे निवेश विकल्पों की ओर भी आकर्षित हो रहे हैं, जहां अधिक रिटर्न की संभावना रहती है। भारतीय बचतकर्ता अब अपने निवेश को लेकर पहले से अधिक जागरूक हो रहे हैं।

प्रायोरिटी प्लान पर स्पष्टीकरण मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी। दूरसंचार नियामक ट्राई ने अपने शुरुआती आकलन में यह पाया है कि भारती एयरटेल के हाल ही में पेश 'प्रायोरिटी पोस्टपेड' प्लान 'इंटरनेट निरपेक्षता' (नेट न्यूट्रैलिटी) के नियमों का उल्लंघन नहीं करता है। हालांकि, कंपनी से इस मामले में और स्पष्टीकरण मांगे गए हैं।

मामले से जुड़े एक सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ट्राई इस मुद्दे की विस्तृत जांच कर रहा है कि 5जी नेटवर्क स्लाइसिंग के जरिये अन्य सेवाओं की गुणवत्ता पर कोई असर तो नहीं पड़ रहा। नेटवर्क स्लाइसिंग वह तकनीक है जिसमें दूरसंचार नेटवर्क को अलग-अलग वर्चुअल हिस्सों में बांटकर अलग जरूरतों के हिसाब से सेवा दी जाती है।

बाजार 30s

शेयर बाजार

सेंसेक्स
74,649 +382.50

निफ्टी
23,483 +100.95

सर्राफा

	भाव	बदलाव
सोना	1,61,450	+1,050
चांदी	2,71,000	+1,300

करेंसी

95.36 -0.17 डॉलर/रुपया

शानदार प्रदर्शन

कोटा। जेईई-एडवांस्ड 2026 परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा ने लगातार तीसरे वर्ष ऑल इंडिया रैंक-1 देकर रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले वर्ष 2016 में भी एलन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। संस्था के सीईओ नितिन कुकरेजा ने कहा कि ये परिणाम छात्रों की सफलता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

मुनाफे में गिरावट संभव

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण चालू वित्त वर्ष में भारत के एमएसएमई क्षेत्र पर दबाव बढ़ने की आशंका है जिससे उनकी आय और मुनाफे में गिरावट आ सकती है। 'क्रिसिल इंटेलिजेंस' की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 में इस क्षेत्र की आय वृद्धि घटकर 7.5-8.5 प्रतिशत रह सकती है।

केवाईसी कराने के लिए चक्कर कटवा रहे बैंक

हि विशेष

■ **अरुण चट्ठा**

नई दिल्ली। देशभर में बैंक खातों की केवाईसी अपडेट कराने में लाखों ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बैंक लंबे समय से निष्क्रिय या कम इस्तेमाल होने वाले खातों को संवेदनशील श्रेणी में डालकर उनके संचालन पर रोक या पाबंदी लगा रहे हैं। इस कारण ग्राहकों को खाता दोबारा सक्रिय कराने और केवाईसी अपडेट कराने के लिए बार-बार बैंक शाखाओं के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

आरबीआई ने केवाईसी प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए ऑनलाइन और डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। इसके बावजूद कई बैंक ग्राहक से आधार कार्ड की कॉपी, पासपोर्ट साइज फोटो और अन्य दस्तावेज फिर से जमा कराने की मांग कर रहे हैं।

कई मामलों में ऑनलाइन केवाईसी की सुविधा होने के बावजूद ग्राहकों को शाखा में बुलाया जा रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों, दिव्यांगों और ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों को हो रही है। जिन लोगों का खाता किसी दूसरे शहर या कस्बे की शाखा में है, उन्हें मूल शाखा भेजा जा रहा है। केवाईसी अपडेट नहीं होने पर कई खातों में लेनदेन पर रोक लगा दी गई है। इसका असर पेंशन, छात्रवृत्ति और सरकारी योजनाओं के लाभ पर पड़ा रहा है।

सोशल मीडिया पर लगा शिकायतों का अंबार

बैंकों के पास केवाईसी अपडेट को लेकर बड़ी संख्या में शिकायतें मिली हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अरिजीत शर्मा इंडियन ओवरसीज बैंक को टैग करते हुए लिखते हैं कि मैं केवाईसी अपडेट कराने के लिए शाखा गया तो उन्होंने कहा कि मेरा आधार कार्ड किसी दूसरे व्यक्ति के खाते से लिंक है। यह कैसे हो सकता है, यह साफ तौर पर बैंक अधिकारियों द्वारा की गई गलती है। इसी तरह से दिग्विजय शर्मा लिखते हैं कि मेरी मां की उम्र 75 वर्ष से अधिक है। उनका खाता अस्थाई रूप से फ्रीज कर दिया हैं और बैंक वाले भीषण गर्मी में ब्रांच आने के लिए बोल रहे हैं।

केवाईसी के जरूरी नियम

- यदि ग्राहक की केवाईसी जानकारी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, तो वह केवल 'नो चेंज' की स्व-घोषणा देकर केवाईसी अपडेट करा सकता है।
- ऐसे मामलों में दोबारा दस्तावेज जमा कराने की आवश्यकता नहीं होती।
- यदि किसी ग्राहक का सिर्फ पता बदला है, तो ग्राहक स्व-घोषणा और आवश्यक प्रमाण के साथ केवाईसी अपडेट करा सकता है।
- बैंकों को ग्राहकों को केवाईसी की नियत तिथि से पहले कम से कम तीन बार सूचना देनी होगी। इनमें कम से कम एक सूचना पत्र के माध्यम से भेजना आवश्यक है।
- बैंक को ग्राहक को आसानी से केवाईसी अपडेट कराने के लिए ऑनलाइन एवं डिजिटल सुविधा भी देनी होगी।

जरूरी वस्तुओं के दाम में वृद्धि संभव

नई दिल्ली, एजेंसी। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि से अर्थव्यवस्था पर मुद्रास्फीति-जनित दबाव बढ़ने की आशंका है। इससे आने वाले महीनों में आम उपभोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया।

रिपोर्ट कहती है कि 15 मई के बाद से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है। इससे खुदरा मुद्रास्फीति करीब 0.36 प्रतिशत बढ़ सकती है। अगर कीमतें 10 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ जाती हैं तो खुदरा महंगाई में 0.48 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। सर्वाधिक प्रभाव सड़क परिवहन पर पड़ेगा।

थोक महंगाई की गणना नए तरीके से

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। केंद्र सरकार थोक मूल्य सूचकांक को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) को लागू करने जा रही है। इसका उद्देश्य अर्थव्यवस्था में थोक महंगाई के रुझानों का अधिक सटीक और वास्तविक आकलन करना है। पीपीआई में उत्पादन, इनपुट लागत और सेवाओं की कीमतों को भी शामिल किया जाएगा।

मंगलवार को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रधान आर्थिक सलाहकार प्रवीण महतो ने बताया कि उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग 15 जून को नए आधार वर्ष 2022-23 पर आधारित संशोधित डब्ल्यूपीआई के आंकड़े जारी करेगा, जो वर्तमान आधार वर्ष 2011-12 वाली श्रृंखला का स्थान लेगी। 15 जून को आउटपुट उत्पादक मूल्य सूचकांक (ओपीपीआई), ट्रायल इनपुट उत्पादक मूल्य सूचकांक (आईपीपीआई) और सेवा उत्पादक मूल्य सूचकांक (एसपीपीआई) भी जारी किए जाएंगे। सेवा पीपीआई के पहले चरण में बैंकिंग, प्रतिभूति लेनदेन, बीमा, पेंशन फंड प्रबंधन, रेलवे, हवाई यात्री सेवा और दूरसंचार सेवाएं शामिल होंगी।

महंगाई के दबाव का अनुमान लगा सकेंगे

प्रधान आर्थिक सलाहकार महतो ने कहा कि पीपीआई के माध्यम से हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि उद्योगों में कच्चे माल और अन्य इनपुट की लागत में बदलाव का असर तैयार उत्पादों की कीमतों पर कैसे पड़ता है। इससे महंगाई के दबाव का सटीक विश्लेषण किया जा सकेंगे। सेवा क्षेत्र के लिए पीपीआई सात सेवाओं के आधार पर तैयार किया गया है।

विभाग 15 जून को जारी करेगा आंकड़े

डब्ल्यूपीआई और ओपीपीआई मासिक आधार पर जारी किए जाएंगे। 15 जून को मई 2026 के प्रारंभिक आंकड़ों के साथ अप्रैल 2023 से अप्रैल 2026 तक की पिछली श्रृंखला भी जारी की जाएगी। विनिर्माण क्षेत्र के लिए इनपुट पीपीआई मार्च 2026 से प्रयोगात्मक आधार पर प्रकाशित किया जाएगा। वहीं, सेवा क्षेत्र के पीपीआई तिमाही आधार पर जारी होगा।

मुद्रा भंडार बचाने के लिए आरबीआई ने सोना बेचा

दावा

- ब्लूमबर्ग इकोनॉमिक्स रिसर्च की रिपोर्ट में दावा
- आरबीआई ने 12 अरब डॉलर का सोना बेच दिया

नई दिल्ली, एजेंसी। ब्लूमबर्ग इकोनॉमिक्स की रिपोर्ट में दावा किया है कि विदेशी मुद्रा भंडार को बचाने के लिए आरबीआई ने 12 अरब डॉलर मूल्य (करीब 1.14 लाख करोड़ रुपये) का सोना बेच दिया है। आरबीआई ने इस पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, आरबीआई ने 22 मई को समाप्त हुए दो हफ्तों के भीतर सोना बेचा। हालांकि, इसी अवधि के दौरान आरबीआई ने 7.5 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां भी खरीदी हैं। यह आकलन सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है। मार्च के अंत तक आरबीआई के पास 880.52 मीट्रिक टन सोना था। इसमें से 77% घरेलू तिजोरियों में रखा गया था। माना जा रहा है कि होर्मुज जलमार्ग में व्यवधान के कारण भारत का आयात बिल बढ़ा है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक होने के कारण भारत को कच्चे तेल के लिए अधिक विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ रही है। इससे रुपये और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ा है।

चांदी आयात को अनुमति अनिवार्य

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि रिजर्व बैंक नामित एजेंसियों, डीजीएफटी अनुमोदित संस्थाओं और इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज के माध्यम से पात्र आभूषण विक्रेताओं के जरिये चांदी के आयात को केवल वैध आयात मंजूरी के तहत ही अनुमति दी जाएगी।

इस कदम ने चांदी के आयात मानदंडों को और सख्त कर दिया है। आयात मंजूरी विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा जारी की जाएगी। पिछले महीने सरकार ने गैर-जरूरी आयात पर अंकुश लगाने के लिए सोने और चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया था।

अमेरिका से अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति जल्द

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। भारत-अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार से नई दिल्ली में तीन दिन की उच्चस्तरीय वार्ता शुरू हो गई। दोनों पक्ष पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि करीब 99 फीसदी मुद्दों पर सहमति बन चुकी है। ऐसे में वार्ता जल्द पूरी हो सकती है।

सूत्रों के मुताबिक अमेरिका की नई शुल्क नीति के कारण दोनों देशों को व्यापार समझौते के ढांचे में कुछ बदलाव करने पड़ सकते हैं। भारत चाहता है कि उसे अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में बेहतर शुल्क लाभ मिले।

उधर, अमेरिकी प्रशासन ने मंगलवार को कृषि और औद्योगिक उपकरणों पर मौजूदा टैरिफ को 25 से घटाकर 15 फीसदी कर दिया है।

गोयल ने ब्रिटेन के मंत्री से मंथन किया

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को ब्रिटेन के व्यापार एवं व्यवसाय मंत्री पीटर कायले के साथ द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की।

एक्स पर पोस्ट में गोयल ने कहा कि भारत-ब्रिटेन आर्थिक सहयोग के अगले चरण की रूपरेखा तैयार करने, साझा व्यावसायिक प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने पर सार्थक बातचीत हुई।

जल्द उबर सकते हैं भारतीय बाजार

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय शेयर बाजार भले ही दुनिया की रैंकिंग में सातवें स्थान पर खिसक गया हो लेकिन यह फिर रफ्तार पकड़ सकता है। ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली के अनुसार, अगले दो वर्षों में भारतीय कंपनियों की आय वृद्धि 10 प्रतिशत से बढ़कर 22 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। यदि ऐसा होता है तो शेयर बाजार में नई तेजी देखने को मिल सकती है।

विदेशी निवेशकों की बिकवाली और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण फिलहाल बाजार दबाव में है, लेकिन घरेलू निवेशकों की मजबूत भागीदारी, आर्थिक विकास और कॉर्पोरेट मुनाफे में संभावित सुधार लंबे समय में भारतीय शेयर बाजार को फिर से मजबूती दे सकते हैं। भारत की 4.15 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है, जो दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। यही वजह है कि अल्पकालिक उतार-चढ़ाव के बावजूद कई वैश्विक संस्थान भारत को दुनिया के सबसे आकर्षक निवेश बाजारों में शामिल मान रहे हैं

इसलिए गिरावट : विदेशी निवेशकों की बिकवाली से भारतीय बाजारों में गिरावट आ रही है। वर्ष 2026 में विदेशी निवेशकों की बिकवाली का आंकड़ा 2.41 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

एक लाख तक पहुंच सकता है सेंसेक्स

मॉर्गन स्टेनली ने रिपोर्ट में कहा है कि अगर कच्चे तेल की कीमत गिरकर 80 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ जाती है और कंपनियों की वार्षिक वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2028 में 19 फीसदी रह सकती है। ऐसे में सेंसेक्स के एक लाख अंक तक जाने की 25 फीसदी संभावना है। अगर क्रूड 120 डॉलर से ऊपर बना रहता है तो सेंसेक्स में गिरावट देखी जा सकती है।

शुद्धि पत्र

दिनांक 12.07.2025 को अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, द्वितीय नोएडा के प्रकाशित विज्ञापन की ई–निविदा सूचना में भूलवश पत्रांक संख्या का प्रकाशन होना रह गया था। कृपया सुधारकर पत्रांक संख्या 2546 पढ़ा जाए।

विज्ञापन व्यवस्थापक

शुद्धि पत्र

दिनांक 29.06.2025 को अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, द्वितीय नोएडा के प्रकाशित विज्ञापन की ई–निविदा सूचना में भूलवश पत्रांक संख्या का प्रकाशन होना रह गया था। कृपया सुधारकर पत्रांक संख्या 2136 पढ़ा जाए।

विज्ञापन व्यवस्थापक

Uttar Pradesh State Institute of Forensic Science, Lucknow
Aurawan, Daroga Kheda, P.O. Banthra, Lucknow - 226401
(Advanced Professional Diploma Programmes)

" BUILD YOUR CAREER IN FORENSIC SCIENCE"
ADMISSIONS OPEN – 2026

Advanced Professional Diploma Programmes

Uttar Pradesh State Institute of Forensic Science (UPSIFS), Lucknow (Established in 2021), functioning under the aegis of the Home Department, Government of Uttar Pradesh and affiliated with the National Forensic Science University, Gandhinagar, invites applications for admission to the following 6-month Advanced Professional Diploma Programmes:

- Crime Scene Management and Legal Compliance
- Forensic DNA Profiling and Legal Compliance
- Questioned Document Examination, Fingerprint Analysis and Legal Compliance

Interested candidates may apply online. Detailed eligibility criteria, fee structure, and admission guidelines are available on the institute website.

Website: www.upsifs.ac.in

Last Date for Submission of Application: 30-06-2026

Registrar
Uttar Pradesh State Institute of Forensic Science (UPSIFS), Lucknow

UP-252062, Dt. 02.06.2026, Website : www.upgov.nic.in

पूर्वोत्तर रेलवे

Email: dycmmgkpd@gmail.com
Website: www.ner.indianrailways.gov.in & www.tenders.gov.in

निविदा सूचना सं. 02 दि. 01.06.26
ई–प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे/ गोरखपुर कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई–प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाईट **www.ner.indianrailways.gov.in & www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **क्र.सं. 1: निविदा संख्या एवं खुलने की तिथि:** 10266337 Dt. 22.06.2026; **मद का संक्षिप्त विवरण:** सप्लाई एंड कमीशनिंग ऑफ माइक्रो कंट्रोलर बेस्ड इलेक्ट्रॉनिक स्पीड इंडीकेटिंग इत्यादि; **मात्रा:** 21 Set; **अर्नेस्ट मनी(₹):** 1,23,410/-; **क्र.सं. 2: निविदा संख्या एवं खुलने की तिथि:** 10249774D Dt. 23.06.2026; **मद का संक्षिप्त विवरण:** सप्लाई, इंस्टॉलेशन एंड कमीशनिंग ऑफ CO2 वेल्डिंग मशीन इत्यादि; **मात्रा:** 25 Nos; **अर्नेस्ट मनी(₹):** 3,03,520/-; **1.** उपरोक्त निविदा आईआरईपीएस के साइट **http/www.ireps.gov.in** पर स्थित है। जो प्रतिष्ठान इलेक्ट्रॉनिकली पंजीकृत हैं वे ई–टेण्डर में सम्मिलित हो सकते हैं। जो प्रतिष्ठान क्लास–3 डिजिटल सर्टिफिकेट नहीं प्राप्त किये हैं वे अधिकृत एजेन्सी जो भारत सरकार के द्वारा अधिकार पत्र आईटी अधिनियम 2000 से अधिकृत हैं उनसे प्राप्त कर सकते हैं। मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। **2.** आपूर्तिकर्तागण को यह सूचित किया जाता है कि उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर विज्ञापित निविदाएं एवं सभी बुलेटिन निविदाएं केवल ईपीएस (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) द्वारा खोली जा रही हैं। जो भी प्रतिष्ठान उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर की निविदाओं के प्रति इच्छुक हों एवं भाग लेना चाहते हों उन्हें आवश्यक डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट प्राप्त करना होगा एवं अपने प्रतिष्ठान को CRIS/Nwe Delhi में पंजीकृत कराना होगा। इस संबंध में आवश्यक विस्तृत विवरण वेबसाइट **http/www.ireps.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है। **3.** निविदा सूचना के अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रकाशन में भिन्नता होने की स्थिति में अंग्रेजी प्रकाशन मान्य होगा। **4.** एलोकेशन शीर्ष निविदा प्रपत्र, जमानती धनराशि का 00844517 तथा बयाना धनराशि का 00084506 है। उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर द्वारा प्रकाशित ई–निविदाओं का टेण्डर कॉस्ट तथा ईएमडी का भुगतान ऑनलाइन IREPS PORTAL पर ही मान्य होगा जो दिनांक 01.09.2016 से या उनके बाद प्रकाशित निविदाओं पर प्रभावी होगा। यह Global Tender पर प्रभावी नहीं होगा।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिपो
मुजाधि/एस–20 **गोरखपुर**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

उ0प्र0 लोक सेवा आयोग

संक्षिप्त विज्ञप्ति

सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरुष / महिला शाखा) परीक्षा-2025 के **कला विषय** से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा हेतु प्राप्त आवेदन पत्र की सन्निरीक्षोपरांत जिन अभ्यर्थियों के अभ्यर्थन निरस्त किये गये हैं, उनके निरस्तीकरण के कारण सहित विस्तृत विज्ञप्ति आयोग की वेबसाइट **https://uppsc.up.nic.in** पर आज दिनांक 02.06.2026 से उपलब्ध है। उक्त निरस्तीकरण के संबंध में अभ्यर्थीगण दिनांक 08.06.2026 को सांय 05:00 बजे तक अपील कर सकते हैं।

संख्या- 02/14/ई-6/एल0टी0 ग्रेड/2025-26 (शैलेन्द्र सिंह)
दिनांकः- प्रयागराज, 02 जून, 2026 अनुसचिव

उत्तर रेलवे

रुचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.ओ.आई)

ईओआई क्रमांक: एनआर–डीएलआई/डब्ल्यू–आईवी/ईओआई/1/2026–27 दिनांक: 02.06.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, संभागीय अभियंता–चतुर्थक, दिल्ली संभाग, उत्तरी रेलवे, हरियाणा के बहादुरगढ़ में रेलवे ट्रैक/स्टेशन के पहुंच मार्गों के किनारे स्थित रेलवे भूमि के सौंदर्यीकरण और रखरखाव के लिए सरकारी निकायों, नगर निगम प्राधिकरणों, गैर सरकारी संगठनों, ट्रस्टों, निगम संस्थाओं और अन्य इच्छुक पक्षों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है। इच्छुक पक्ष अपनी ईओआई और मांगी गई जानकारी को सीलबंद लिफाफे में ''संभागीय अभियंता–चतुर्थक, दिल्ली संभाग, उत्तरी रेलवे, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली'' के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

अ. क्षेत्र की सामान्य जानकारी

क्रम सं.	क्षेत्र का विवरण	अनुमानित क्षेत्रफल
1	पार्क संख्या–1, बहादुरगढ़ में डाउन लाइन की ओर OHE 29/40 से OHE 30/8 के बीच स्थित है।	इसका क्षेत्रफल लगभग 2942.56 वर्ग मीटर है।
2	पार्क संख्या–2, बहादुरगढ़ में डाउन लाइन की ओर OHE 29/12 से OHE 29/38 के बीच स्थित है।	इसका क्षेत्रफल लगभग 20381.40 वर्ग मीटर है।

ई.ओ.आई. जमा करने की अंतिम तिथि 23.06.2026 को दोपहर 3:00 बजे तक है।

मंडल अभियंता– चतुर्थ
मंडल रेलवे प्रबंधक कार्यालय
स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली

1874/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
पर्यटन विभाग
सी-ब्लॉक, दूसरा तल, विकास भवन-2, अपर बेलारोड
दिल्ली-110054

सार्वजनिक सूचना

दिल्ली बेड एंड ब्रेकफास्ट नीति, 2026 का मसौदा पर्यटन विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार तथा दिल्ली पर्यटन एवम् परिवहन विकास निगम की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात् **(https://tourism.delhi.gov.in)**, एवम् **https://delhitourism.gov.in/** पर सभी हितधारकों सहित आम जनता की जानकारी हेतु अपलोड किया गया है।

मसौदा दिल्ली बेड एंड ब्रेकफास्ट नीति, 2026 पर अभिमत/टिप्पणियां **25.06.2026** तक निम्नलिखित माध्यमों से आमंत्रित की जाती है:

ई-मेल द्वारा: bndpolicy2026@gmail.com

डाक द्वारा: उप सचिव (पर्यटन), पर्यटन विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
सी-ब्लॉक, दूसरा तल, विकास भवन-2, अपर बेला रोड, दिल्ली -110054

निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

उप सचिव (पर्यटन)
पर्यटन विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

DIP/Shabdarth/Classified/0092/26-27

indiamart
इंडियामार्ट इंटरमेश लिमिटेड

सीआईएन: L74899DL1999PLC101534
पंजी. कार्यालय: पहली मंजिल, 29–दरियागंज, नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली–110002
कार्पोरेट कार्यालय: छटी मंजिल, टॉवर 2, एसोटेक बिजनेस क्रेस्टेरा, प्लॉट नंबर–22, सेक्टर–135, नोएडा – 201305, उ.प्र.
वेबसाइट: www.indiamart.com; **ईमेल:** cs@indiamart-com; **फोन:** 011–45608941

नोटिस – 27वीं वार्षिक आम बैठक एवं ई–वोटिंग की जानकारी

एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि इंडियामार्ट इंटरमेश लिमिटेड ('कंपनी') के सदस्यों की सत्ताईसवीं ('27वीं') वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') सोमवार, 29 जून, 2026 को प्रातः 10:00 बजे भारतीय समयानुसार, बैठक में सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी')/अन्य ऑडियो वीडियो साधनों ('ओएवीएम') की सुविधा के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') और उसके तहत निर्मित नियमों और सेबी के सभी लागू प्रावधानों (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 और समय – समय पर जारी विविध परिपत्रों के अनुपालन सहित एजीएम के नोटिस में निर्दिष्ट व्यवसायों को संचालित करने के लिए आयोजित की जाएगी।

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों की गणना धारा 103 के तहत कोरम के प्रयोजन के लिए की जाएगी। सदस्यों द्वारा प्रॉक्सी की नियुक्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी क्योंकि एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ही आयोजित की जा रही है।

लागू वैधानिक अनुपालन के अनुसरण में, वित्तीय वर्ष 2025–26 की एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम के नोटिस वितरण का काम मंगलवार, 02 जून, 2026 को इलेक्ट्रॉनिक मोड से उन सदस्यों/लाभकारी स्वामियों को भेज दिए गए हैं, जिनके नाम शुक्रवार, 29 मई, 2026 को डिपॉजिटरीज़ पार्टिसिपेंट्स ने प्राप्त कर लिए हैं, और जिनके ईमेल आईडी कंपनी/रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट जैसे मेसर्स एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ('आरटीए') और डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स ('डीपी') के पास पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त सूचीबद्धता विनियमों के विनियमन 36(1)(बी) के अनुसार, जिन सदस्यों के ईमेल पते कंपनी/आरटीए/डीपी के साथ पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें एक पत्र भेजा जा रहा है, जिसमें एक वेबलिंक प्रदान किया गया है, जिसमें कंपनी की वेबसाइट पर 27वीं एजीएम का नोटिस और वित्तीय वर्ष 2025–26 की एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट देखी जा सकती है।

उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट http://investor.indiamart.com, स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com के साथ ही नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।

कंपनी एनएसडीएल की ई–वोटिंग सेवाओं के माध्यम से अपने सदस्यों को एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग सुविधा और एजीएम में ई–वोटिंग सुविधा कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20, समय–समय पर संशोधित और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 44 के सहपठित अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसार (सूचीबद्धता विनियम) के तहत प्रदान कर रही है, ताकि वे प्रस्तावित सभी प्रस्तावों पर वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग कर सकें। एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से लेनदेन किया जाएगा। इस संबंध में, सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:

अ) रिमोट ई–वोटिंग अवधि निम्नानुसार है:

कट–ऑफ तिथि	सोमवार, 22 जून, 2026
ई–वोटिंग का प्रारम्भ	बुधवार, 24 जून, 2026 (प्रातः 09:00 बजे भारतीय समयानुसार)
ई–वोटिंग का समापन	रविवार, 28 जून, 2026 (सांयः 05:00 बजे भारतीय समयानुसार)

वह शेयरधारक सदस्य जिसका नाम कट–ऑफ तिथि तक सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज किया गया है, वह एजीएम में केवल रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से वोट देने का हकदार होगा।

रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा एनएसडीएल द्वारा उसके बाद अक्षम कर दी जाएगी और उपरोक्त तिथि और समय के बाद वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। एक बार जब किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर वोट डाल दिया जाता है, तो सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस अवधि के दौरान, शेयरधारक सदस्य एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल सकते हैं।

ब) सदस्यों का वोटिंग अधिकार कट–ऑफ तिथि तक कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होगा। कोई व्यक्ति जो कट–ऑफ तिथि पर सदस्य नहीं है, उसके लिए एजीएम का यह नोटिस केवल सूचना के उद्देश्य हेतु माना जाएगा।

स) कोई भी व्यक्ति, जो एजीएम नोटिस के इलेक्ट्रॉनिक प्रेषण की तारीख के बाद इक्विटी रूप शेयर हासिल करता है और कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट–ऑफ तिथि तक शेयरधारक है, तब वह एजीएम के नोटिस में उल्लिखित दस्तावेज प्रदान करके ई–वोटिंग के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए evoting@nsdl.com पर अपना अनुरोध भेज सकता है। हालाँकि, यदि कोई व्यक्ति रिमोट ई–वोटिंग के लिए पहले से ही एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है तो वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकता है।

द) जिन सदस्यों ने एजीएम के आयोजन से पहले ही रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल दिया है, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन वे एजीएम के समय ई–वोटिंग के माध्यम से दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

ध) जिन सदस्यों की ईमेल आईडी पहले से ही कंपनी/आरटीए/डीपी के साथ पंजीकृत की जा चुकी हैं, वे एजीएम के नोटिस में दिए अनुसार रिमोट ई–वोटिंग के साथ–साथ एजीएम में ई–वोटिंग के निर्देशों का पालन कर सकते हैं।

ङ) किसी मामले में यदि सदस्यों ने इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट और अन्य संचार प्राप्त करने के लिए अपना ईमेल पता पंजीकृत/अपडेट नहीं किया है और/या लाभांश प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाता का अधिकृत पत्र और केवाईसी को पंजीकृत/अपडेट नहीं किया है, तो कृपया अपने डीमैट में आपके संबंधित डीपी द्वारा उल्लेखित विवरण पंजीकृत/अपडेट कर दें।

च) किसी मामले में, एजीएम से पहले या उसके दौरान किसी भी प्रश्न के मामले में सहायता प्राप्त करने के लिए, आप उन सदस्यों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) देख सकते है और ई–वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर ऐसे सदस्यों के लिए 'डाउनलोड अनुभाग' पर उपलब्ध जानकारियां देख सकते हैं। आप एनएसडीएल के टोल फ्री नंबर 022–48867000 पर भी संपर्क कर सकते हैं या एनएसडीएल के निर्दिष्ट ई–मेल आईडी: evoting@nsdl.com पर अपना अनुरोध भेज सकते हैं, जहां पर आपकी सभी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग से संबंधित शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

छ) परिणाम एजीएम के समापन के दो कार्य दिवसों के भीतर घोषित किए जाएंगे और इसे, समेकित जांचकर्ता की रिपोर्ट के साथ, कंपनी की वेबसाइट https://investor.indiamart.com/AGM_EGM-aspx पर 'निवेशक संबंध' के शीर्षक के तहत लोड कर किया जाएगा और परिणाम की घोषणा के बाद एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर बैठक के सभाध्यक्ष या उसके द्वारा अधिकृत व्यक्ति द्वारा लिखित रूप में उपलब्ध किया जाएगा। इसके साथ ही परिणाम, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड पर भी प्रेषित कर दिए जाएंगे, जिन्हें कंपनी की वेबसाइट पर भी डाल दिया जाएगा।

ज) रिमोट ई–वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया और तरीका, एजीएम में ई–वोटिंग और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के निर्देश एजीएम के नोटिस में प्रदान किए जा रहे हैं

कृते इंडियामार्ट इंटरमेश लिमिटेड
हस्ता/–
मनोज भार्गव
कंपनी सचिव

स्थान: नोएडा
दिनांक: 02 जून, 2026

संपादकीय जागरण

बुधवार, 3 जून 2026 : अधिक ज्येष्ठ कृष्ण - 3 वि. 2083

शिक्षा आदर्श व्यक्तित्व निर्माण का आधार है

शहरों की बिगड़ती सूरत

देश की राजधानी में एक पांच मंजिला भवन गिरने से छह लोगों की मौत और कई के घायल होने के बाद भवन स्वामी की गिरफ्तारी करने के साथ ही नगर निगम के दो इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया। इसके अतिरिक्त मजिस्ट्रेट जांच के आदेश भी दे दे गिए। इस घटना के बाद नगर निगम यह जानने की कोशिश कर रहा है कि आखिर शिकायतों के बाद भी उक्त इमारत में अतिरिक्त मंजिल का अवैध निर्माण कैसे हो रहा था? वह अन्य ऐसी ही इमारतों की छानबीन में भी जुट गया है, लेकिन इसके आसार कम ही हैं कि आगे ऐसी घटनाएं नहीं होंगी और अवैध निर्माण का सिलसिला बंद होगा, क्योंकि यदि ऐसा होना होता तो बहुत पहले हो गया होता। आखिर दिल्ली में ऐसी कोई इमारत पहली बार नहीं गिरी, जो अवैध रूप से बनी थी या निर्मित की जा रही थी। ऐसी न जाने कितनी घटनाएं हो चुकी हैं और फिर भी नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। ऐसा इसीलिए है, क्योंकि नगर निकाय के अधिकारी-कर्मचारी कुछ ले-देकर अवैध निर्माण होने देते हैं। वे पैसों के लालच में भवन निर्माण संबंधी नियम-कानूनों की अनदेखी करते हैं। इस मामले में जो स्थिति दिल्ली की है, वही शेष देश की भी है।

हमारे हर छोटे-बड़े शहर में अवैध एवं बेतरतीब निर्माण हो रहा है। यह स्थानीय निकायों के संरक्षण और उनकी जानकारी में होता है। इसी कारण शहरों में अवैध तरीके से रिहायशी और व्यावसायिक इमारतों का निर्माण होता रहता है। स्थिति यह है कि जो पुराने भवन दो-तीन मंजिल के होते हैं, वे जर्जर होने के बाद भी अवैध निर्माण के सहारे चार-पांच मंजिलों में तब्दील कर लिए जाते हैं। इससे क्षेत्र विशेष में आबादी का दबाव बढ़ने के साथ नागरिक सुविधाओं का अभाव भी बढ़ता है। अपने देश में ऐसा कोई नियम ही नहीं कि किसी इलाके में कितनी आबादी रहनी चाहिए। इससे भी बड़ी त्रासदी यह है कि हर कहीं रिहायशी इलाके व्यावसायिक इलाकों में तब्दील हो रहे हैं। देश भर में घरों में दुकानें बनाने की होड़ सी कायम है। ऐसा पुराने मोहल्लों के साथ नए मोहल्लों में भी हो रहा है। इसी कारण हमारे शहर बेतरतीब विकास का पर्याय बन गए हैं और वे नागरिक सुविधाओं के अभाव के साथ प्रदूषण एवं गंदगी से घिरते जा रहे हैं। अनियोजित शहर नगरीय जीवन को केवल कष्टकारी ही नहीं बनाते, बल्कि वे विकास में बाधक भी बनते हैं। आज के युग में शहर आर्थिक विकास के इंजन हैं, लेकिन तभी, जब उनका नियोजित ढंग से विकास हो। विडंबना यह है कि जिन नगर निकायों की पहली जिम्मेदारी शहरों के नियोजित विकास को सुनिश्चित करना है, वे उसका ही निर्वाह करने में बुरी तरह नाकाम हैं। यदि शहरों की सूरत संवारनी है और उन्हें विकास का वाहक बनाना है तो स्थानीय निकायों के कामकाज के तौर-तरीकों को पूरी तरह बदलना होगा।

लापरवाह कार्यप्रणाली

दक्षिणी दिल्ली के सैदुलाजाब क्षेत्र में तीन दिन पूर्व पांच मंजिला इमारत ढहने और छह लोगों की जान चली जाने के बाद एमसीडी की नींद टूटी है। क्षेत्र में अवैध निर्माण को लेकर सर्वे शुरू किया गया है, जिसके बाद पिछले दो दिन में आठ संपत्तियों को नोटिस जारी कर 72 घंटे में संपत्ति खाली करने को कहा गया है। ये वो संपत्तियां हैं, जिनमें मौके पर अवैध निर्माण होता पाया गया या ये खतरनाक पाई गईं।

सरकार को एजेंसियों के कामकाज की समीक्षा करनी चाहिए और इनको नियोजित विकास में उपयोगी बनाने की दिशा में ठोस प्रयास करने चाहिए

साथ ही एमसीडी ने अवैध निर्माण के रूप में पूर्व में चिह्नित 81 इमारतों में से ऐसी 42 इमारतों पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया है, जिन पर अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी थी। निराशाजनक ये है कि एमसीडी की कार्रवाई तब शुरू हुई, जब हादसे में छह जानें चली गईं। ये आसानी से समझा जा सकता है कि इस सरकारी एजेंसी ने यदि अपना दायित्व ठीक से निभाया होता तो हादसे को रोका जा सकता था। दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली के अधिकतर क्षेत्रों में अवैध निर्माण की भरमार है। केंद्र व दिल्ली सरकार को डीडीए और एमसीडी के कामकाज की समीक्षा करनी चाहिए और इन सरकारी एजेंसियों को राजधानी के नियोजित विकास में उपयोगी बनाने की दिशा में ठोस प्रयास करने चाहिए।

कह के रहेंगे

माधव जोशी

जागरण जनमत

कल का परिणाम

क्या अमेरिका-ईरान के बीच कायम युद्धविराम खतरे में पड़ता दिख रहा है?

आज का सवाल

क्या अन्नामलाई के पार्टी छोड़ने से तमिलनाडु में भाजपा की राह और मुश्किल होगी?



परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। (सभी आकड़े प्रतिशत)

गति पकड़ता सेमीकंडक्टर अभियान

हर्ष वी. पंत

भारत अब वैश्विक इलेक्ट्रानिक्स इकोसिस्टम में महज एक उपभोक्ता या असेंबलिंग तक ही सीमित न रहकर स्वयं को एक उत्पादक के रूप में भी स्थापित कर रहा है

वर्तमान दौर में सेमीकंडक्टर की अहमियत किसी से छिपी नहीं रही है। इस संदर्भ में अच्छी बात यह है कि भारत ने भी इसके निर्माण में तेजी से कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया नीदरलैंड दौरे पर वहां की दिग्गज कंपनी एएसएमएल और टाटा इलेक्ट्रानिक्स के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर हुए है। एएसएमएल को आधुनिक सेमीकंडक्टर निर्माण की रीढ़ मानी जाने वाली उन्नत लिथोग्राफी प्रणालियों के मामले में विश्व के प्रमुख आपूर्तिकर्ता में से एक माना जाता है। यह अनुबंध इसका प्रतीक है कि भारत अब वैश्विक इलेक्ट्रानिक्स इकोसिस्टम में महज एक उपभोक्ता या असेंबलिंग तक ही सीमित न रहकर समूची मूल्य श्रृंखला में स्वयं को स्थापित करने पर ध्यान दे रहा है। यह करार गुजरात के धोलेरा में 11 अरब डालर के निवेश वाले टाटा के प्रस्तावित चिप निर्माण संयंत्र के लिए बेहद अहम है। धोलेरा को भारत के सेमीकंडक्टर हब के रूप में भी देखा जा रहा है।

सेमीकंडक्टर को लेकर भारत का दृष्टिकोण आर्थिक, रणनीतिक और भू-राजनीतिक निहितार्थों से प्रेरित है। आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो इलेक्ट्रानिक्स की खपत में तेजी के चलते देश सेमीकंडक्टर के आयात पर बड़ी हद तक निर्भर है। आज के इस दौर में जहां चिप्स आटोमोबाइल एवं दूरसंचार से लेकर रक्षा प्रणालियों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे उदीयमान क्षेत्रों की रीढ़ बन चुके हैं, वहां उसकी आधारभूत सामग्री पर बाहरी निर्भरता को घटाना आत्मनिर्भरता के साथ ही आर्थिक सुरक्षा का भी एक अहम अवयव बन गया है। इसका भू-राजनीतिक संदर्भ भी उतना ही महत्वपूर्ण है। वैश्विक सेमीकंडक्टर उत्पादन मुख्य रूप से ताइवान, दक्षिण कोरिया, चीन और अमेरिका में केंद्रित है। कोविड-19 महामारी से लेकर अमेरिका और चीन के बीच तकनीकी मोर्चे पर तनातनी जैसे पहलुओं ने इस आपूर्ति में गतिरोध पैदा करने का काम किया है। इसने दर्शाया है कि आपूर्ति श्रृंखलाओं का संकेंद्रण कितना भारी पड़ सकता है। इसका ही परिणाम रहा कि प्रमुख वैश्विक विनिर्माताओं और सरकारों ने उत्पादन में विविधता को प्रोत्साहन देने के लिए चीन से इतर उत्पादन की 'चीन प्लस वन' वाली नीति को अपनाया। इस क्रम में अपने बड़े बाजार, जनसांख्यिकीय गहराई और बढ़ते भूराजनीतिक महत्व के चलते भारत स्वयं को एक आकर्षक वैकल्पिक केंद्र के रूप में प्रस्तुत कर रहा है।

रणनीतिक दृष्टिकोण से देखें तो



अवधेश राजपूत

सेमीकंडक्टर निर्माण के निहितार्थ केवल वाणिज्यिक हितों तक सीमित नहीं हैं। सुरक्षित और विश्वसनीय चिप आपूर्ति श्रृंखलाओं पर नियंत्रण का पहलू अब राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ भी गहराई से जुड़ा है। विशेष रूप से रक्षा इलेक्ट्रानिक्स, साइबर बुनियादी ढांचे, दूरसंचार और एआइ संचालित तकनीकों जैसे क्षेत्रों में। इसी कारण सेमीकंडक्टर परिदृश्य महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा के एक नए मोर्चे के रूप में उभरा है और इस क्षेत्र में भारत का प्रवेश बदलती वैश्विक वास्तविकताओं को स्वीकारने के उसके रवैये को ही रेखांकित करता है। नई दिल्ली ने इसी को ध्यान में रखकर अपना नीतिगत ढांचा भी तैयार किया है। इसके अंतर्गत 76,000 करोड़ रुपये के आवंटन वाले इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन यानी आइएसएम, स्वीकृत चिप निर्माण परियोजनाओं के लिए 50 प्रतिशत तक की वित्तीय सहायता जैसी पहल की गई हैं। शायद ही विश्व में कहीं और ऐसे प्रोत्साहन दिए गए हैं। केंद्रीय बजट में भी आइएसएम 2.0 के दायरे का विस्तार करते हुए सेमीकंडक्टर उपकरण, सामग्री, बौद्धिक संपदा विकास, आपूर्ति श्रृंखला में लचीलेपन और शोध एवं विकास यानी आरएंडडी क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। स्पष्ट है कि भारत की रणनीति अपनी छितरी हुई क्षमताओं को एकीकृत कर उसका लाभ उठाने पर केंद्रित है।

सेमीकंडक्टर अभियान से जुड़ी कई परियोजनाएं अब धरातल पर साकार होने लगी हैं। गुजरात इन गतिविधियों का गढ़ बना हुआ है। धोलेरा में टाटा-पावरचिप फैब्रिकेशन परियोजना तो साणंद में माइक्रोन की एटीएमपी इकाई स्थापित हो रही हैं। असम को टाटा की ओसैट परियोजना हासिल करने में सफलता मिली है, जबकि उत्तर प्रदेश नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एचसीएल-फाक्सकान संयुक्त उपक्रम के माध्यम से स्वयं को इस परिदृश्य पर मजबूती से उभारने में लगा है। उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति 2024 तो बाकायदा दर्शाती है कि राज्य सरकारें किस प्रकार अतिरिक्त पूंजीगत सब्सिडी, कर छूट, भूमि दरों में रियायत, बिजली रियायत और कौशल विकास पहलों के माध्यम से केंद्रीय प्रोत्साहनों की पूरक बनकर इस प्रक्रिया को रफ्तार दे रही हैं। केंद्रीय रणनीतिक दूरदर्शिता और राज्यस्तरीय प्रतिस्पर्धा के बीच का यह तालमेल धीरे-धीरे भौगोलिक रूप से एक व्यापक सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को तैयार कर रहा है।

कई स्तरों पर प्रगति के बावजूद इस राह में चुनौतियां भी कम नहीं हैं। चिप निर्माण उन उद्योगों में से एक है, जिनके लिए व्यापक स्तर पर पूंजी निवेश की आवश्यकता होती है। पानी की भरोसेमंद एवं सतत आपूर्ति, बिजली की निरंतर उपलब्धता, कुशल कामकाजी आबादी एवं सक्षम आपूर्ति तंत्र का सुनिश्चित होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। वर्तमान विश्व में निर्यातों को लेकर जिस तरह के नियंत्रण एवं भू-राजनीतिक तनाव, खेमेबंदी और प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, उसके प्रभाव से यह क्षेत्र भी अछूता नहीं। इन पहलुओं के सम्मिलित प्रभाव भी इस क्षेत्र के भविष्य की दशा-दिशा को प्रभावित करेंगे।

देखा जाए तो टाटा-एसएमएल अनुबंध, माइक्रोन संयंत्र के संचालन और आइएसएम 2.0 के साथ स्पष्ट है कि भारत की सेमीकंडक्टर रणनीति संकल्पना के स्तर से वास्तविकता का आकार ग्रहण करने लगी है। इससे एक दीर्घकालिक औद्योगिक क्रांति की बुनियाद रखी जा रही है। वैश्विक सेमीकंडक्टर परिदृश्य में स्वयं को एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में प्रस्तुत कर रहे भारत को इससे केवल आर्थिक लाभ ही नहीं मिलेंगे, बल्कि वह रणनीतिक स्वायत्तता भी प्राप्त होगी, जहां तकनीकी क्षमताएं शक्ति संतुलन में अहम भूमिकाएं निभाने लगी हैं।

(लेखक आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन में उपाध्यक्ष हैं)

response@jagran.com

12 बरस की सफलताएं और विफलताएं

राजीव सचान

मोदी सरकार अपनी उपलब्धियां गिनाते समय इस पर भी ध्यान दे कि उसके हिस्से में कुछ नाकामियां भी हैं

विफलताओं पर गंभीरता से ध्यान देना जरूरी ● फाइल

मोदी सरकार अपने कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे करने जा रही है। यह तय है कि इस अवसर पर उसकी ओर से अपनी उपलब्धियों का बखान किया जाएगा। इसके लिए भाजपा की ओर से एक अभियान चलाया जाने वाला है, जिसमें लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियों के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। निःसंदेह मोदी सरकार के पास अपनी उपलब्धियों के बारे में बताने के लिए बहुत कुछ है और यह हर सरकार का अधिकार है कि वह उनके बारे में जनता को अवगत कराए। यदि मोदी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करें तो उनकी एक लंबी सूची है। इन उपलब्धियों में कई ऐसे साहसिक फैसले हैं, जिनमें से कुछ के बारे में यह कल्पना करना कठिन था कि कोई सरकार ऐसे फैसले ले पाएगी, जैसे जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाना, पाकिस्तान के खिलाफ एयर स्ट्राइक करना और फिर आपरेशन सिंदूर। ये दोनों सैन्य अभियान इस मायने में विशेष रहे कि विश्व में पहली बार किसी परमाणु हथियार संपन्न देश ने दूसरे ऐसे ही देश पर हवाई हमले किए। हालांकि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का रास्ता सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया, लेकिन यदि मोदी सरकार नहीं होती तो शायद यह रास्ता बाधित ही रहता और राम मंदिर का निर्माण आनन-फानन नहीं होता। मोदी सरकार अपने तीसरे कोर एजेंडे समान नागरिक संहिता की दिशा में भी आगे बढ़ रही है।

जीएसटी लागू होना भी इस सरकार की बड़ी उपलब्धियों में से एक है। वैसे तो नोटबंदी भी एक साहसिक फैसला था, लेकिन इसके वैसे सकारात्मक परिणाम प्राप्त नहीं हुए, जैसे अपेक्षित थे। माओवाद का खात्मा भी मोदी सरकार की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। कुछ वर्षों पहले तक माओवाद का खात्मा असंभव सा दिखता था, पर मोदी सरकार और विशेष रूप से गृह मंत्री अमित शाह ने इसे संभव कर दिखाया और वह भी तय समय में। पिछले 12 वर्षों में आधारभूत ढांचे के निर्माण में भी अभूतपूर्व प्रगति हुई है। देश भर में सड़कों का तेजी से निर्माण हुआ है। इसी तरह पुल, बिजलीघर, हवाई अड्डे निर्मित हुए हैं और रेल सुविधाओं का विकास हुआ है। ग्रामीण विकास की योजनाओं ने भी रफ्तार पकड़ी है। देश में डिजिटलीकरण भी द्रुत गति से हुआ है। इसके चलते भारत डिजिटल लेनदेन के मामले में विश्व में अग्रणी है। विकास के साथ ही प्रभावशाली जनकल्याणकारी योजनाओं की भी एक लंबी सूची है। इन योजनाओं ने आम आदमी का जीवन बदला है। शौचालय निर्माण, उज्ज्वला, आवास, बिजली, आयुष्मान, किसान सम्मान निधि, मुफ्त राशन संबंधी जैसी योजनाओं ने सचमुच लोगों को लाभान्वित किया है। जनधन योजना निर्धन जनता के वित्तीय समावेशन की एक बड़ी मिसाल हैं। इन योजनाओं के चलते करोड़ों लोगों को गरीबी के दायरे से बाहर निकालने में मदद मिली है। मोदी सरकार ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि उसे जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करना आता है। इन 12 वर्षों में राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर भी बहुत काम हुआ है।

यदि आज भाजपा के नेतृत्व वाली राजग की 22 राज्यों में सरकारें हैं तो इसका एक बड़ा कारण मोदी सरकार की रीति-नीति है। भाजपा कुछ अजेय समझे जाने वाले राज्यों में अपनी सरकार बनाने में सफल रही है। आज विपक्ष के लिए उसका मुकाबला करना कठिन हो रहा है। कोई भी सरकार हो, उसकी प्रत्येक योजना कसौटी पर खरी नहीं उतरती। ऐसा ही मोदी सरकार की कुछ योजनाओं के साथ हुआ है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाएं अपेक्षित परिणाम नहीं दे सकी हैं। किसानों की आय दोगुनी करने का भी लक्ष्य पूरा नहीं हो सका है। आम तौर पर हर सरकार के समय महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे रहते हैं। मोदी सरकार के लिए भी ये चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं।

अब जब मोदी सरकार अपने 12 साल की उपलब्धियों का गुणगान करने में जुटने वाली है, तब किसी को उसका ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहिए कि कुछ ऐसे मोर्चों पर उसे विफलता हाथ लगी है, जिनमें उसे सफलता अर्जित करनी चाहिए थी, जैसे शिक्षा और परीक्षाओं की सूरत बदलनी चाहिए थी, लेकिन नई शिक्षा नीति के बाद भी शिक्षा का हाल संतोषजनक नहीं और परीक्षाओं, विशेषरूप से प्रतियोगी परीक्षाओं का हाल तो बहुत ही बुरा है। इस मामले में केंद्र और राज्य सरकारें एक ही नाव पर सवार हैं। रह-रहकर प्रश्नपत्र लीक होते रहते हैं। मोदी सरकार की एक बड़ी विफलता न्याय को सुलभ और सुगम न बना पाना है। लचर न्यायिक तंत्र देश के विकास में एक बड़ी बाधा है। इसी तरह की एक बड़ी बाधा सरकारी कामकाज में व्याप्त भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार लाइलाज हो गया दिखता है। जहां निर्माण वहां तो भ्रष्टाचार है ही, इसके अलावा जहां कहीं भी सरकारी अनुमति, अनुमोदन आदि की आवश्यकता होती है, वहां भी लेन-देन होता है। स्मार्ट सिटी योजना भी कुल मिलाकर नाकाम ही रही और हमारे शहर बेतरतीब विकास की कहानी कहने के साथ विकसित भारत के लक्ष्य का बड़ी बाधा बने हुए हैं। यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है कि मोदी सरकार अपनी 12 बरस की उपलब्धियों को गिनाते समय इस पर गंभीरता से ध्यान दे कि उसे कुछ विफलताएं भी हाथ लगी हैं, जिनके कारण देश में बेचैनी बढ़ रही है।

(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडिटर हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

धर्म का मर्म

धर्म एक ऐसा विशाल छत्र है, जिसकी छाया में पूरा संसार क्रियाशील है। ये धर्म ही है, जो जगत को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए एक अदृश्य संविधान के रूप में संसार में व्याप्त है। यही अनंतकाल से भौतिक संसार को निर्बाध बांधे हुए है। धर्म की विकृत तथा संकुचित परिभाषा ने हमें यह विश्वास दिला दिया है कि धर्म का अभिप्राय मात्र मत या पंथ से है। वास्तविकता में तो धर्म वह अटल एवं शाश्वत सिद्धांत है, जिसके माध्यम से संसार की हर क्रिया संचालित होती है। ग्रहों का धर्म है एक निश्चित गति पर सूर्य की परिक्रमा करना, ऋतुओं का धर्म है अपने स्वभाव अनुसार फल देना, वृक्ष का धर्म है छाया तथा फल देना। संपूर्ण प्रकृति धर्मोचित व्यवहार करती है। पशु भी अपनी संरचना के अनुसार धर्म का पालन करते हैं।

मानव के संबंध में धर्म का मर्म बहुत व्यापक है। मानव के अतिरिक्त संपूर्ण जगत का धर्म एक धुरी से बंधा हुआ है, किंतु मानव का धर्म और व्यवहार देश-काल एवं परिस्थिति के सापेक्ष भी है। उसे इस कसौटी पर खरा भी उतरना है, क्योंकि यदि व्यक्ति परिस्थिति के अनुरूप धर्मोचित व्यवहार न करे तो वह अधर्म है। इस कारण भी कि मानव के पास ही वह विवेक है जो तय करता है कि उसके लिए किस समय क्या धर्म है। यहां प्रश्न यह भी खड़ा होता है कि धर्म का अनुपालन आवश्यक क्यों है? वस्तुतः, धर्म ही वह महीन रेखा है जो उचित तथा अनुचित को अलग करती है। इसके अभाव में समाज अनियंत्रित होकर पशुवत हो जाएगा।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का समग्र जीवन एक आदर्श धर्मोचित जीवन का जीवंत उदाहरण है। तभी हम कहते हैं 'रामो विग्रहवान धर्मः' अर्थात राम ही धर्म का विग्रह स्वरूप हैं। अतः जीवन में धर्म का पालन कर्तव्य से मुक्ति के लिए आवश्यक है। महाभारत की शिक्षा है 'यतो धर्मस्ततो जयः' अर्थात जहां धर्म है, वहीं विजय है और विजयश्री का आलिंगन धर्म की परिधि में ही संभव है। धर्म ही उत्थान है और अधर्म ही पतन।

आदित्य नारायण अवस्थी

पाठकनामा

pathaknama@nda.jagran.com

शिक्षा के स्तर में हो सुधार

'अविश्वास से घिरती जा रही परीक्षाएं' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में जगमोहन सिंह राजपूत ने परीक्षा व्यवस्था पर गहराते अविश्वास, नकल, प्रश्नपत्र लीक तथा नैतिक मूल्यों के क्षरण की ओर ध्यान आकृष्ट किया है। निःसंदेह यह चिंता समयोचित है, किंतु इस संकट की जड़ें परीक्षा कक्षों से कहीं अधिक गहरी हैं। यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक अपेक्षाओं, आर्थिक असमानताओं और शिक्षा की बदलती प्राथमिकताओं का भी परिणाम है। वर्तमान समय में परीक्षा ज्ञानार्जन का साधन कम और आजीविका का प्रवेशद्वार अधिक बन गई है। करोड़ों युवा सीमित अवसरों के लिए संघर्षरत हैं। जब नियुक्तियां वर्षों तक लंबित रहें, प्रतियोगिता असंतुलित हो और सफलता का एकमात्र मानदंड अंक बन जाएं, तब व्यवस्था के प्रति संशय स्वाभाविक है। दुर्भाग्य यह है कि हम परिणामों पर विमर्श करते हैं, कारणों पर नहीं। एक तथ्य यह भी है कि शिक्षा का उद्देश्य व्यक्तित्व निर्माण, विवेक और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास माना गया था, किंतु आज वह अंकों और प्रमाणपत्रों की प्रतिस्पर्धा में सिमटती जा रही है। कोचिंग-केंद्रित संस्कृति ने जिज्ञासा का स्थान स्मरणशक्ति को और ज्ञान का स्थान परीक्षा-कौशल को दे दिया है। ऐसी स्थिति में अनैतिक साधनों का आकर्षण बढ़ना अस्वाभाविक नहीं। समाधान केवल कठोर दंड में नहीं, बल्कि विश्वास की पुनर्स्थापना में निहित है। भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाया जाए। विद्यालयों में नैतिक शिक्षा, तार्किक चिंतन और कौशल विकास को समान महत्व मिले। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाकर युवाओं की अनिश्चितता कम की जाए। परीक्षा तभी विश्वसनीय बनेगी, जब व्यवस्था निष्पक्ष, अवसर पर्याप्त और समाज ईमानदारी को सफलता से अधिक सम्मान देने लगेगा।

awanishg30@gmail.com

लोभ सबसे बड़ा शत्रु

मानव जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुख-सुविधाओं की प्राप्ति नहीं है, बल्कि आत्मिक उन्नति, सद्गुणों का विकास और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वाह भी है। मनुष्य के भीतर अनेक प्रकार की इच्छाएं और आकांक्षाएं होती हैं। इच्छाएं जीवन को गति देती हैं और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती हैं, किंतु जब यही इच्छाएं सीमा का अतिक्रमण कर लेती हैं और केवल अधिक से अधिक प्राप्त करने की अंधी दौड़ में परिवर्तित हो जाती हैं, तब वे लोभ का रूप धारण कर लेती हैं। लोभ या लालच मनुष्य के समस्त सद्गुणों को नष्ट कर देता है और उसके जीवन में अनेक प्रकार की समस्याओं तथा दुखों का कारण बनता है। इसी कारण सभी धर्मों और महान विचारकों ने लोभ को पापों की जड़ तथा मानव पतन का प्रमुख कारण बताया है। लोभ का अर्थ है आवश्यकता से अधिक पाने की तीव्र और अनियंत्रित इच्छा। सामान्य इच्छाएं मनुष्य के विकास के लिए आवश्यक होती हैं, परंतु जब व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं से आगे बढ़कर केवल संग्रह, स्वार्थ और भौतिक संपत्ति को ही जीवन का लक्ष्य बना लेता है, तब लोभ उत्पन्न होता है।

कांतिलाल मांडोत, नई दिल्ली

युवाओं के सपनों का हनन

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती। कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। महान कवि हरिवंशराय बच्चन के यह बोल दुनिया में आने वाली कठिनाइयों से यथार्थ का परिचय कराती हैं। उम्मीदों पर ही दुनिया कायम है, परंतु जब यही उम्मीदें कड़वे एवं भ्रष्टाचारी संसार द्वारा धराशायी की जाती हैं तब उनका क्या होता है। जो उस विचार से अपने सपने बुनते हैं? देश में बढ़ते पेपर लीक मामले होनहारों के सपनों का हनन कर रहे हैं। अमीर एवं प्रभावशाली व्यक्ति घूस का लेन-देन करके, प्रभाव का लाभ उठाकर "भ्रष्टाचारी" सोच को शरण देते हैं और देश में श्रेष्ठ व सच्चे दावेदारों की जगह हड़पते है। भारत जैसे देश, जहां युवाओं में उनके कलात्मक विचारों की भरमार है, वहां ये युवा ऐसे मंच को तलाशने की कोशिश करते हैं, जहां उनके विचार देश की प्रगति की दौड़ में तेजज भागीदार बन सकें। इसलिए यहां परीक्षाओं में प्रतिद्वंद्विता भी बहुत है, जिससे श्रेष्ठ एवं पद के सही दावेदारों को चुना जा सके। इन सभी प्रणालियों से बचने के लिए लोग "पेपर लीक" करते हैं। बच्चे प्रतिकूल परिस्थितियां झेलकर परीक्षा की तैयारी करते हैं। अपनी मेहनत को इस तरह धूमिल होते देख कई बच्चे सह नहीं पाते और आत्महत्या जैसे गलत एवं कठोर कदम उठाने पर मजबूर हो जाते हैं। पेपर लीक होने के बाद जिस तरह से प्रणाली दूसरी बार सख्त, पारदर्शी व उचित रूप से परीक्षा कराती है, वह पहले ही कदम उठाकर नहीं कराई जा सकती?

सहर्षी मिश्रा, ग्रेटर नोएडा

पोस्ट

भारतीय इतिहास, राजनीति पर शोध करने वाले अधिकांश पश्चिमी शिक्षाविद शोधार्थी नहीं राजनीतिक कार्यकर्ता हैं।

अभिनव प्रकाश@Abhina_Prakash

पाठ्यक्रम और परीक्षा के बीच अंतर की भरपाई करने वाले तंत्र का नाम ही कोचिंग है। सरकार इस गैप को भर दे तो कोचिंग का क्या काम? लिहाजा कोचिंग वाले टीचर्स को गाली देने से कुछ नहीं होने वाला, सिस्टम में सुधार चाहते हैं तो दबाव नीति निर्धारकों पर बनाइए।

मधुरेंद्र कुमार@Madhurendra13

यह बात सोलह आने सच है कि टीवी पत्रकारों वाली बीमारी आनलाइन अध्यापकों को भी लग गई और वह बीमारी है लोकप्रियता का रोग। जबकि सही बात अलोकप्रिय भी होती है। वायरल के मोह से आगे बढ़ना ही होगा। तमाशा पत्रकारिता का विकल्प तमाशा शिक्षा नहीं।

संकेत उपाध्याय@sanket

तमिलनाडु में अन्नामलाई को किनारे करके भाजपा सही नहीं कर रही। वैसे, यह पहली बार नहीं है जब पार्टी में अपनी प्रतिभाओं को उपेक्षित और दोयम दर्जे के बाहरी नेताओं को उपकृत किया जा रहा हो।

मिन्हाज मर्चेंट@MinhazMerchant

जनपथ

साईं कबहुं न कीजिए 'इतने बढ़िया' काम,
हेलमेट में चलना पड़े हो करके बदनाम।
हो करके बदनाम लोग बरसाएं अंडे,
दौड़ाएं कुछ लोग हाथ में लेकर डंडे!
करि मनमाना काम स्वयं हित खोदे खाई,
अब तो मालिक राम बचाएं 'उनको' साईं!!

-ओम प्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 120 - 4615800, E- mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 36 अंक 319

जब तक जीना, तब तक सीखना। अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।

– स्वामी विवेकानंद

बेलगाम अपराध

उत्तर प्रदेश में हाल में हत्या की कई घटनाओं से साफ है कि अपराध पर काबू करने के सरकारी दावों के बरक्स हकीकत क्या है। ऐसा लगता है कि कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर राज्य की सरकार और पुलिस बेफिक्र है और दूसरी ओर अपराधियों का दुस्साहस लगातार बढ़ता जा रहा है। यह बेवजह नहीं है कि हत्या की लगातार कई वारदात के बाद विपक्षी दलों की ओर से सरकार को कठघरे में खड़ा किया जाने लगा है। दरअसल, बीते कुछ दिनों के भीतर उत्तर प्रदेश में एशियाई खेलों के लिए चुने गए एक पैरा-एथलीट और एक राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी महिला खिलाड़ी सहित हत्या की अन्य घटनाओं के बाद सरकार इस बात के लिए आलोचना के कठघरे में है कि क्या राज्य की कानून व्यवस्था ठप हो चुकी है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हाल में पिछले कुछ समय से लगातार बड़ी आपराधिक घटनाओं की वजह से खुद मुख्यमंत्री योगी के भीतर काफी नाराजगी देखी गई और उन्होंने ज्यादा अपराध दर वाले जिलों के पुलिस अधिकारियों को सख्त हिदायत दी।

सवाल है कि क्या केवल सख्ती के दावे और हिदायतों के दम पर राज्य में अपराध और आपराधिक मानसिकता वाले लोगों पर काबू पाया जा सकता है। अगर ऐसा संभव हो पाता, तो आज राज्य सरकार जघन्य अपराधों में तेज बढ़ोतरी के लिए खुद को आलोचना के घेरे में खड़ी नहीं पाती। जब उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ था, तब भाजपा का वादा यही था कि वह राज्य को अपराध और अपराधियों से मुक्त कराएगी। अपराधियों पर काबू पाने के मकसद से की गई कुछ फौरी सख्ती और कार्रवाइयों से ऐसा लगा भी। मगर हत्या या अन्य किसी जघन्य अपराध के आरोपियों को मुठभेड़ में मार गिराए जाने के कुछ मामलों में पुलिस के रवैये पर सवाल भी उठे। आज एक समांतर सच यह भी है कि आपराधिक मानसिकता के लोग बेधड़क सामान्य से लेकर जघन्य अपराधों को अंजाम दे रहे हैं और अपराध के खात्मे का दावा करने वाली सरकार अपराधियों को रोक पाने में नाकाम दिख रही है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या आपराधिक मानसिकता वाले लोगों के भीतर पुलिस का खौफ खत्म हो गया है।

अपराध के बेलगाम होते जाने के बीच अब ऐसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं, जिनमें हत्या की वजहें हैरान करती हैं। उत्तर प्रदेश के मेरठ में राष्ट्रीय स्तर की एक कबड्डी खिलाड़ी की हत्या सिर्फ छत्तीस सौ रुपए के उधार की वजह से कर देने की खबर आई। इस घटना में भी पहला सवाल यही है कि आरोपी के भीतर आखिर क्यों पुलिस और कानूनी कार्रवाई का कोई खौफ नहीं था। दूसरे, कोई व्यक्ति अपने लिए तीन-चार हजार रुपए को इतनी बड़ी रकम कैसे मान लेता है कि वह उसके लिए किसी की हत्या कर दे। उत्तर प्रदेश की इस घटना के अलावा देश के अलग-अलग हिस्सों से अक्सर ऐसी खबरें आती हैं, जिनमें दो-चार या पांच सौ रुपए जैसी मामूली रकम के लिए किसी की जान ले ली जा रही है। क्या देश में यह एक नई तस्वीर बन रही है कि आर्थिक असुरक्षा और बदहाली की स्थिति लोगों के मनोविज्ञान पर गहरा और घातक असर डाल रही है? जाहिर है, आदतन या सुविधा से अपराध करने वालों के खिलाफ सख्ती के साथ-साथ सामान्य पृष्ठभूमि के लोगों के जघन्य अपराधों को अंजाम देने की परिस्थितियों और वजहों पर विचार करना वक्त की जरूरत है। बिना जड़ पर प्रहार किए अपराध पर पूरी तरह काबू पाना एक चुनौती बनी रहेगी।

बाधित शांति

ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम की उम्मीद बंधती है और फिर टूट जाती है। यह स्थिति युद्ध शुरू होने के बाद से ही जारी है। पिछले तीन महीने से युद्ध चल रहा है, लेकिन जब शांति वार्ता की बात आती है, तो आमने-सामने और दूरगामी स्थितियों को ध्यान में रख कर संवाद करने की जरूरत नहीं समझी जाती। अमेरिका और ईरान के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत किसी सहमति के बिंदु पर नहीं पहुंच रही, तो इसे समझने की जरूरत है। दोनों पक्ष जिस तरह अपनी शर्तों पर अड़े हैं, उससे वैश्विक शांति को तो खतरा है ही, दुनिया भर में ऊर्जा संकट भी गहरा रहा है। गौरतलब है कि ईरान ने अमेरिका के साथ चल रही अप्रत्यक्ष वार्ता स्थगित कर दी है। उसने क्षेत्रीय तनाव बढ़ने पर यह कदम उठाया है। यह निराशाजनक ही है कि एक तरफ कूटनीतिक कदम उठाने की बात की जाती है, फिर अचानक हमले की स्थिति पैदा कर दी जाती है। पिछले सप्ताह के आखिर में भी अमेरिका ने ईरान के भीतर कई ठिकानों पर बमबारी की। इसके अलावा, लेबनान पर इजराइल के लगातार हमले से ईरान नाराज है और वह चाहता है कि ये हमले रोक दिए जाएं।

हालांकि यह मुद्दा युद्धविराम की मुख्य शर्तों में शामिल है। मगर सवाल है कि अमेरिका युद्धविराम को ताक पर रख कर खुद को या इजराइल को हमले करने से क्यों नहीं रोक पा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि अगर दोनों पक्ष गंभीरता से कूटनीतिक पहल करते, तो शांति का कोई रास्ता निकल सकता था। मगर जैसे ही बात आगे बढ़ती है, उसमें दबाव बढ़ाने के साथ रणनीतिक शर्तें जोड़ दी जाती हैं। इससे संवाद के पुल गिर जाते हैं। मौजूदा स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ईरान ने होर्मुज जलमार्ग पर अपना दबदबा बढ़ाने और उसे सख्ती से बंद करने का संकेत दिया है। समझौते की कवायद कई दिनों से चल रही है, लेकिन कोई सार्थक परिणाम नहीं निकल रहा, तो आखिर इसकी क्या वजह है। स्पष्ट है कि एक तरफ समझौते की बात की जाती है, दूसरी ओर सैन्य विकल्प चुनने की धमकी दी जाती है। इस द्वंद्व के बीच शांति कायम होने के सभी दावे धरे रह जाते हैं। बेहतर हो कि अमेरिका और ईरान स्थायी युद्धविराम और शांति की ओर कदम बढ़ाएं। सैन्य टकराव से आखिरकार कोई समस्या हल नहीं होती।

महिलाओं की सेहत के उपेक्षित प्रश्न

आज दुनिया के अनेक देशों में महिलाएं पहले की तुलना में ज्यादा दीर्घायु जीवन जी रही हैं। मगर यह भी सच है कि लंबी उम्र के बावजूद उन्हें समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

अमरपाल शर्मा

दुनिया भर में व्यापक बदलाव हो रहे हैं। चिकित्सा विज्ञान ने असाध्य कही जाने वाली कई बीमारियों पर काबू पा लिया है। औसत आयु बढ़ी है और तकनीक ने इलाज को पहले से कहीं अधिक आधुनिक और आसान बना दिया है। आज भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में महिलाएं पहले की तुलना में दीर्घायु जीवन जी रही हैं। मगर यह भी सच्चाई है कि लंबी उम्र के बावजूद महिलाओं को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

संयुक्त राष्ट्र महिला संगठन की हाल में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार करोड़ों महिलाएं आज भी ऐसी जिंदगी जी रही हैं, जिसमें दर्द है, उपेक्षा है, गलत इलाज है और एक ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था है, जो अब भी पुरुष शरीर को 'मानक' मान कर चलती है। दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवाओं में प्रगति होने के बावजूद महिलाओं के लिए समान और संवेदनशील इलाज अब भी एक चुनौती है। विश्व में महिलाओं की औसत आयु लगभग 73.8 वर्ष है, जो पुरुषों की औसत आयु करीब 68.4 वर्ष से अधिक है। फिर भी उनके जीवन का लगभग पच्चीस फीसद से अधिक समय खराब सेहत के साथ गुजरता है। यानी महिलाएं लंबे समय तक पुरानी बीमारियों और लगातार पीड़ा से त्रस्त रहती हैं। वे कई बार बिना इलाज या गलत निदान से भी जूझती हैं।

सवाल है कि आखिर महिलाओं के लिए अनुकूल और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं क्यों संभव नहीं हो पा रही हैं? क्यों महिलाओं और पुरुषों के लिए समान स्वास्थ्य सेवाएं विकसित नहीं की जा रही हैं? अगर इन सवालों का जवाब ईमानदारी से तलाशें, तो इस स्थिति के पीछे पितृसत्तात्मक सोच है, जिसमें महिलाओं को कमतर आंका जाता है और उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है। शिक्षित और आर्थिक रूप से सक्षम महिलाएं भी इससे बच नहीं पा रहीं। वे लगातार चिकित्सा पूर्वाग्रहों का सामना करती हैं। कई बार उनकी पीड़ा को 'भावनात्मक', 'हार्मोन संबंधी' या सामान्य कह कर टाल दिया जाता है। यही कारण है कि महिलाओं की सेहत का सवाल अब केवल चिकित्सा का विषय नहीं रहा, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता का सवाल भी बन चुका है।

संयुक्त राष्ट्र महिला संगठन ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि स्वास्थ्य व्यवस्था की अनेक संरचनाएं महिलाओं को केंद्र में रख कर नहीं बनाई गईं। इसे केवल अस्पतालों की कमी कह कर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, बल्कि यह उस सोच का परिणाम है जिसमें पुरुष शरीर को 'सामान्य' और महिला शरीर को 'विशेष परिस्थिति' मान लिया जाता है।

दुनिया भर में हृदय रोग महिलाओं की मौत की सबसे बड़ी वजहों में शामिल है, लेकिन दिल के दौरे के जिन 'सामान्य' लक्षणों को चिकित्सा जगत लंबे समय से पहचानता रहा है, वे अधिकतर पुरुषों के अनुभवों पर आधारित रहे हैं। महिलाओं में दिल की बीमारी के संकेत कई बार अलग रूप में सामने आते हैं। अत्यधिक थकान, मितली, सांस फूलना, पीठ या जबड़े में दर्द जैसे लक्षणों को अक्सर गंभीरता से नहीं लिया जाता। यही वजह है कि महिलाओं में हृदय रोग का पता अक्सर देर से चलता है। दिल का दौरा पड़ने के बाद महिलाओं में मृत्यु का खतरा पुरुषों की तुलना में अधिक देखा जाता है। कई मामलों में उनकी शिकायतों को सामान्य मान कर अस्पताल से वापस भेज दिया जाता है, जिससे स्थिति गंभीर हो जाती है। इसी तरह माहवारी, माइग्रेन, हार्मोन असंतुलन और रजोनिवृत्ति जैसी समस्याओं को अक्सर 'सामान्य' कह कर टाल दिया जाता है। लाखों महिलाएं वर्षों तक दर्द सहती रहती हैं। इस कारण कई बार उनकी गंभीर बीमारियां छिपी रह जाती हैं।

> सवाल है कि महिलाओं के लिए अनुकूल और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं क्यों संभव नहीं हो पा रही हैं? क्यों महिलाओं और पुरुषों के लिए समान स्वास्थ्य सेवाएं विकसित नहीं की जा रही हैं? अगर इन सवालों का जवाब ईमानदारी से तलाशें, तो इस स्थिति के पीछे पितृसत्तात्मक सोच है, जिसमें महिलाओं को कमतर आंका जाता है। शिक्षित और आर्थिक रूप से सक्षम महिलाएं भी इससे बच नहीं पा रहीं। वे लगातार चिकित्सा पूर्वाग्रहों का सामना करती हैं। कई बार उनकी पीड़ा को 'भावनात्मक', 'हार्मोन संबंधी' या सामान्य कह कर टाल दिया जाता है। यही कारण है कि महिलाओं की सेहत का सवाल अब केवल चिकित्सा का विषय नहीं रहा, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता का सवाल भी बन चुका है।

अगर भारत की स्थिति पर नजर डालें, तो देश की स्वास्थ्य व्यवस्था में मातृत्व पर अपेक्षाकृत अधिक ध्यान दिया गया है। गर्भावस्था, प्रसव और शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं में सुधार भी हुआ है। जननी सुरक्षा योजना, आशा कार्यकर्ता और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने जैसी पहलों ने सकारात्मक प्रभाव डाला है, लेकिन समस्या यह है कि महिला स्वास्थ्य को अब भी 'मातृत्व' तक सीमित कर दिया जाता है। जबकि एक महिला की पहचान केवल मां के रूप में ही नहीं होती। किशोरावस्था, कामकाजी जीवन, मानसिक स्वास्थ्य, वृद्धावस्था और रजोनिवृत्ति से जुड़ी उसकी जरूरतों पर अब भी पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा।

'द लांसेट' में प्रकाशित एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के अनुसार पिछले तीन दशकों में दुनिया भर में मातृ मृत्यु दर में कमी आई है। हालांकि हाल के वर्षों में इस सुधार की रफ्तार धीमी पड़ती दिखाई दे रही है। वर्ष 2023 में दुनिया भर में लगभग करीब ढाई लाख महिलाओं की मौत गर्भावस्था और प्रसव से जुड़ी जटिलताओं के कारण हुई। इससे स्पष्ट है कि आज भी अनेक देशों, विशेषकर निम्न और मध्य आय वाले देशों में मातृत्व महिलाओं के लिए जोखिम भरा है। भारत उन देशों में शामिल है जहां मातृ मृत्यु के मामले सबसे अधिक दर्ज किए जाते हैं। वर्ष 2023 में देश में करीब 24,700 महिलाओं की मृत्यु गर्भावस्था और प्रसव से संबंधित कारणों से हुई।

मानसिक स्वास्थ्य के मामले में भी महिलाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है। घरेलू दबाव, आर्थिक निर्भरता, हिंसा, सामाजिक अपेक्षाएं और लगातार श्रम उनके मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित करते हैं। फिर भी बड़ी संख्या में महिलाएं अवसाद, चिंता और मानसिक थकान का इलाज नहीं करा पातीं। इसका कारण केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि सामाजिक सोच भी है। महिलाओं की तकलीफ को अक्सर कमजोरी, ज्यादा सोचने की आदत या घरेलू चिंता कह कर नजरअंदाज कर दिया जाता है। गांवों में स्थिति और जटिल है। वहां स्वास्थ्य सुविधाओं की दूरी, महिला चिकित्सकों की कमी, आर्थिक निर्भरता और सामाजिक संकोच मिल कर महिलाओं के लिए इलाज को कठिन बना देते हैं। कई परिवारों में पुरुष सदस्यों की बीमारी को लेकर ही चिंता की जाती है। जबकि महिलाएं तब तक इलाज नहीं करातीं, जब तक स्थिति गंभीर न हो जाए। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों से बार-बार यह बात सामने आई है कि देश में बड़ी संख्या में महिलाएं एनीमिया और कुपोषण की शिकार हैं।

ऐसे में हालात बदलने के लिए कदम उठाने होंगे। विद्यालय स्तर पर किशोरियों को स्वास्थ्य, पोषण और मानसिक स्थिति के बारे में जरूरी शिक्षा दी जानी चाहिए। माहवारी और प्रजनन स्वास्थ्य को शर्म के बजाय जब सामान्य स्वास्थ्य की तरह देखा जाएगा, तभी स्थितियां बदलेंगी। कार्यस्थलों पर महिलाओं के स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन के लिए संवेदनशील नीतियां बनानी होंगी। वृद्ध महिलाओं के स्वास्थ्य को भी सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति में अधिक महत्त्व देना होगा, क्योंकि अक्सर उनकी समस्याओं को 'उम्र का असर' कह कर टाल दिया जाता है। हमें यह समझना होगा कि महिला स्वास्थ्य केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं है।

एक अस्वस्थ महिला का असर पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। अगर महिलाएं लगातार बीमारी, थकान और मानसिक दबाव में जी रही हों, तो उसका प्रभाव अगली पीढ़ी तक जाता है। बीमार और थकी हुई महिलाओं के सहारे कोई समाज लंबे समय तक स्वस्थ नहीं रह सकता। भारत ने स्वास्थ्य क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन असली प्रगति तभी मानी जाएगी जब महिलाएं केवल दीर्घायु ही नहीं बल्कि सम्मानजनक, स्वस्थ और सुरक्षित जीवन जी सकेंगी।

दूसरा सूर्योदय

अनंतपद्मनाभन

मानवीय जीवन के पारंपरिक नजरिए में सेवानिवृत्ति को अक्सर एक 'पूर्ण विराम' के रूप में देखा जाता है। दशकों की मेहनत के बाद समाज इसे एक अंतिम विदाई मान लेता है। हमें बचपन से ही यह मानने की आदत डाल दी गई है कि साठ साल के बाद का समय केवल शारीरिक गिरावट और घर के एकांत में सिमटने का काल है। हालांकि, जागरूक लोगों के लिए सेवानिवृत्ति अब एक पूर्ण विराम नहीं, बल्कि एक 'अल्पविराम' सिद्ध हो रही है। यह केवल आराम का समय नहीं, बल्कि व्यक्तिगत विकास और समाज के प्रति एक नए योगदान का महत्त्वपूर्ण अवसर है। समय का यही नया उपयोग हमारे पूरे दृष्टिकोण को बदल देता है। सेवानिवृत्ति हमें वह कीमती उपहार देती है, जिसे हमने अपनी रोजी-रोटी कमाने (आजीविका) की दौड़ में कुर्बान कर दिया था- 'समय की आजादी'। अब मस्तिष्क उन सपनों को जीने के लिए स्वतंत्र है, जिन्हें हमने वर्षों से दबा रखा था। यह वह जादुई पल है, जब इकट्ठा की गई सफलता को सही अर्थों में सार्थकता में बदला जा सकता है।

आज वरिष्ठ नागरिक समाज के साथ अपने जुड़ाव की नई परिभाषाएं लिख रहे हैं। वे यह साबित कर रहे हैं कि हमारे भीतर का 'परिवर्तन लाने वाला इंसान' कभी सोता नहीं है। यह अपनी मूल पहचान को फिर से जीवित करने का एक सशक्त मार्ग है। इस जीवनशैली को अपनाने वाले बुजुर्ग पूरे समाज के लिए एक प्रकाश स्तंभ बन रहे हैं।

जब एक सेवानिवृत्त व्यक्ति स्वेच्छा से किसी सामाजिक कार्य का नेतृत्व करता है, तो वह अपने दशकों के अनुभव को समाज को सौंप रहा होता है। उदाहरण के तौर पर तमिलनाडु के बहत्तर वर्षीय सेल्वामणी ने सेवानिवृत्त होने के एक दशक बाद खुद को बेचैन पाया। उनके मन में तकनीकी शिक्षा हासिल करने की पुरानी इच्छा थी। उसे उन्होंने जिंदा रखा और आज वे एक छात्र की तरह इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं। घर से कालेज के लिए रोज पचास किलोमीटर की यात्रा करते हैं। उनका संघर्ष केवल डिग्री तक सीमित नहीं है। घर से निकलने से पहले वे रसोई के काम निपटाते हैं और अपनी बीमार पत्नी की देखभाल भी करते हैं। कालेज में छात्र उन्हें प्यार से 'दादाजी' बुलाते हैं। वे सिखाते हैं कि भले ही शरीर की आयु बढ़ जाए, लेकिन लक्ष्य सामने हो तो चेतना हमेशा युवा रहती है। इसी तरह, सक्रियता का जज्बा केरल की कात्यायनी अम्मा में भी दिखा, जिन्होंने छियानबे वर्ष की आयु में साक्षरता अभियान में अट्ठानबे फीसद अंक प्राप्त किए। उनकी सफलता ने उस पुरानी सोच को तोड़ दिया कि बुजुर्ग नई चीजें नहीं सीख सकते। इसके अलावा, बीडी गरवारे ने सेवानिवृत्ति के बाद अपने अनुभव को शिक्षा और समाज सेवा की ओर मोड़ दिया। शारीरिक रूप से दुरुस्त और सेहतमंद रहने के प्रति भी नजरिया बदल रहा है। गुजरात की एक डाक्टर भगवती ओजा अस्सी वर्ष की उम्र पार करने के बाद भी तैराकी और साइकिल चालन में स्वर्ण पदक जीतती रहीं। उनका जीवन सिद्ध करता है कि सक्रियता एक साधना है, जिसमें मन के साथ शरीर का स्वस्थ होना जरूरी है। बुजुर्गों की सक्रियता केवल शौक तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना को भी मजबूती प्रदान करती है। वे युवाओं के लिए परामर्शदाता बनकर उन्हें उन गलतियों से बचा सकते हैं, जो अक्सर अनुभव की कमी के कारण होती हैं। यह एक वैश्विक लहर है।

आधुनिक न्यूरोसाइंस यानी मस्तिष्क विज्ञान भी कहता है कि हमारा मस्तिष्क स्थिर नहीं है। कुछ नया सीखने से मस्तिष्क की कोशिकाएं फिर से सक्रिय होती हैं और नए तंत्रिका मार्ग बनते हैं। इसे 'न्यूरोप्लास्टिसिटी' यानी मस्तिष्क का लचीलापन कहते हैं, जो भूलने की बीमारी (अल्जाइमर) जैसी समस्याओं से लड़ने में एक ढाल की तरह काम करती है। खुद को बौद्धिक रूप से व्यस्त रखना इन समस्याओं से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है। यह विज्ञान हमारे प्राचीन 'वानप्रस्थ' दर्शन के साथ भी मेल खाता है, जहां व्यक्ति अपने अनुभवों को समाज के कल्याण के लिए समर्पित कर देता था।

जब एक अनुभवी व्यक्ति समाज में हिस्सा लेता है, तो वह अपनी संचित बौद्धिक संपदा को वापस मुख्यधारा में लौटा रहा होता है। यह सक्रियता बुजुर्गों को अकेलेपन और अवसाद से भी बचाती है। आज के एकल परिवारों के युग में सक्रियता ही वह पुल है, जो पीढ़ियों के बीच की खाई को पाट सकता है। दादा-दादी का अनुभव और पोते-पोतियों की जिज्ञासा मिलकर एक बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। युवाओं को भी समझना होगा कि अनुभव की गहराई के बिना ऊर्जा अक्सर दिशाहीन हो जाती है। सेवानिवृत्ति केवल एक पेशेवर विदाई है, जीवन का संन्यास नहीं। हमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए ऐसे मंच बनाने होंगे, जहां वे अपनी पसंद के अनुसार योगदान दे सकें- चाहे वह शिक्षा हो, पर्यावरण हो या सामुदायिक नेतृत्व। यह समाज के विकास की नई पटकथा लिखने जैसा होगा।

दुनिया मेरे आगे

> जब एक अनुभवी व्यक्ति समाज में हिस्सा लेता है, तो वह अपनी संचित बौद्धिक संपदा को वापस मुख्यधारा में लौटा रहा होता है। यह सक्रियता बुजुर्गों को अकेलेपन और अवसाद से भी बचाती है। आज के एकल परिवारों के युग में सक्रियता ही वह पुल है, जो पीढ़ियों के बीच की खाई को पाट सकता है।

कहने का आशय यह है कि सेवानिवृत्ति जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक 'दूसरे सूर्योदय' की शुरुआत है। यह वह समय है, जब हम अपनी आत्मा के छिपे हुए रंगों को फिर से दुनिया के सामने ला सकते हैं। हम वह सब कर सकते हैं जो जिम्मेदारियों के बोझ तले कभी अधूरा रह गया था। संदेश स्पष्ट है- केवल कैलेंडर की तारीखों के साथ वृद्ध नहीं होना चाहिए, बल्कि ज्ञान और कर्म के गौरव के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। अनुभव वह अद्वितीय पूंजी है, जो बांटने से अनंत गुना बढ़ती है और निरंतर सक्रिय रहने से कुंदन की तरह चमकती रहती है। सेवानिवृत्ति केवल एक पद से मुक्ति है, हमारे सामर्थ्य से नहीं। यह समय अपनी सार्थकता को नए आयाम देने का है। ज्ञान के इस दूसरे सूर्योदय का स्वागत पूरी ऊर्जा के साथ करना चाहिए।

घर का सपना

अपने घर का सपना सभी देखते हैं। मगर आज के दौर में यह सपना पूरा करना चुनौतीपूर्ण है। बड़े शहरों में बढ़ती आबादी, महंगी जमीन और सीमित आय के कारण मकान खरीद पाना संभव नहीं है। भारत सरकार ने पिछले दशक में प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से लाखों लोगों को पक्के घर उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका सकारात्मक प्रभाव भी दिखाई दिया है। मगर शहरी क्षेत्रों में काम करने वाला गरीब और निम्न वर्ग आज भी आवास संकट से जूझ रहा है। महानगरों और औद्योगिक शहरों में काम करने वाले लाखों मजदूर, घरेलू कर्मचारी, निर्माण श्रमिक और छोटे कर्मचारी या तो झुग्गियों में रहने को मजबूर हैं या शहर की सीमा से बाहर गंदी बस्तियों में गुजर-बसर करते हैं। कारण साफ है- वे न तो शहर में मकान खरीद सकते हैं और न ही अधिक किराया दे पाने की स्थिति में होते हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय और विभिन्न शहरी विकास रिपोर्ट के अनुसार, भारत के बड़े शहरों में मकानों की कीमतें औसत आय की तुलना में कई गुना बढ़ चुकी हैं। एक मध्यमवर्गीय परिवार को भी घर खरीदने के लिए बीस-पच्चीस वर्षों तक गृह ऋण चुकाना पड़ता है।

– विभूति बुपक्या, दिल्ली

मानवीयता की संवेदना

बशीर बद्र का निधन समूचे देश के लिए मानवीय रिश्तों की भाषा की बड़ी क्षति है। उन्होंने शायरी को इश्क और रूमानी कल्पनाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे आम आदमी के दुख, अकेलेपन, विस्थापन, सामाजिक विडंबनाओं और जीवन-दर्शन की गहरी अभिव्यक्ति बना दिया। उनकी शायरी में दर्द भी था, अपनापन भी। दर्शन भी था और सहज मानवीय संवाद भी। उन्होंने उर्दू को सरल, बोलचाल और आत्मीय शैली प्रदान की। उनके शेर सीधे दिल में उतर जाते हैं, क्योंकि उनमें कृत्रिमता नहीं, बल्कि जीवन का सच्चा अनुभव बोलता है। उन्होंने गजल को अभिजात्य दायरे से निकाल कर जन-संवेदना का माध्यम बनाया। उनकी रचनाओं में प्रेम के साथ-साथ समय की निष्ठुरता, बदलते रिश्तों की पीड़ा और इंसानी मूल्यों की चिंता स्पष्ट दिखाई देती है। यही कारण है कि वे केवल शायर नहीं, बल्कि आधुनिक भारतीय समाज के संवेदनशील दार्शनिक भी प्रतीत होते हैं।

– इशरत अली कादरी, भोपाल

यथार्थ की दृष्टि

'दुर्लभ खनिज और साझा हित' (आलेख, 28 मई) पढ़ा। इसमें समकालीन वैश्विक राजनीति, आर्थिक साझेदारी और राष्ट्रीय संसाधनों की महत्ता को यथार्थपूर्ण दृष्टिकोण के साथ सामने रखा गया है। दुर्लभ खनिज गलियारे की परिकल्पना तथा कुछ राज्यों की सक्रिय भूमिका को जिस संतुलित और तार्किक ढंग से रेखांकित किया गया है, उससे भारत की आर्थिक और सामरिक संभावनाओं को समझा जा सकता है। अमेरिका के साथ इस क्षेत्र में विकसित होती साझेदारी और समझौतों की पहल भविष्य की वैश्विक आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर तैयार की गई सकारात्मक और दूरगामी सोच का परिचायक बन कर उभरी है। प्राकृतिक संसाधनों का महत्त्व केवल आर्थिक समृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, तकनीकी आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में भी एक महत्त्वपूर्ण आधार बन चुका है। मगर वैश्विक सहयोग की नई संभावनाओं के साथ राष्ट्रीय हितों का ध्यान भी हमें रखना होगा।

– अशोक, पटना, बिहार

भरोसे का आधार

मतदाता सूचियों के सघन पुनरीक्षण को लेकर सुनवाई के दौरान प्रस्तुत किए गए ग्यारह दस्तावेजों में आधार कार्ड को लेकर सुधारों की आवश्यकता पर भी ध्यान आकर्षित किया गया था। वास्तव में यह अपनी अपेक्षित सुरक्षा संरचना के अभाव में विश्वसनीयता कायम नहीं कर पाया है। वर्तमान समय में यह एक औपचारिक पहचान पत्र बन कर रह गया है, जबकि इसकी परिकल्पना कहीं अधिक सुरक्षित और सर्वमान्य पहचान दस्तावेज के रूप में की गई थी। पैन कार्ड और वोटर कार्ड की तरह इसका उपयोग तो व्यापक है, किंतु सुरक्षा और सत्यापन के स्तर पर इसमें अभी भी कई कमियां दिखाई देती हैं। आधार में डेबिट कार्ड जैसी आधुनिक सुरक्षा तकनीकों को शामिल किया जाए, ताकि यह भारतीय नागरिकों के लिए जोखिम न साबित हो।

– खुमानसिंह चुंडावत, मंदसौर

अब एआइ से सीखिए योग, 2.80 लाख तस्वीरों से उन्नत प्रारूप तैयार

कृत्रिम मेधा (एआइ) अब किसी प्रशिक्षक की तरह योग की सही और गलत मुद्राओं के बीच का फर्क पहचान सकती है। अनुसंधानकर्ताओं ने 'योग एआइ कोच' नाम का एआइ माडल विकसित किया है। करीब 2.80 लाख तस्वीरों के आधार पर तैयार प्रारूप (माडल) सूर्य नमस्कार समेत योग की 104 प्रकार की मुद्राओं का वास्तविक समय में विश्लेषण कर सकता है। 'योग एआइ कोच' को तैयार करने में एजंटिक एआइ, डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग, कंप्यूटर विजन तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह माडल सरकारी क्षेत्र के संस्थान इंदौर के 'श्री जीएस इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी एंड साइंस' (एसजीएसआइटीएस) की अनुसंधान परियोजना के तहत विकसित किया गया है। इस संस्थान की नवाचारी परियोजना को मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) की ओर से 7.10 लाख रुपए के अनुदान की मंजूरी भी मिली है।

दिल्ली के गाजीपुर क्षेत्र में भूजल हुआ विषैला, इस्तेमाल पर प्रतिबंध

राकेश शर्मा

दिल्ली के गाजीपुर क्षेत्र में भूजल विषैला हो गया है। इस क्षेत्र के भूजल के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ताजा शोध के मुताबिक, पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुरी, पूर्वी विनोद नगर और खिचड़ीपुर का भूजल गाजीपुर कचरा पट्टी के कारण विषैला हो गया है। इस क्षेत्र से निकलने वाले भूजल के इस्तेमाल ने गंभीर रोगों की आशंका को बढ़ा दिया है। यह खुलासा राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के भूजल जल विज्ञान प्रभाग के वैज्ञानिक द्वारा किए गए एक शोध में हुआ है।

शोध के अनुसार लंबे समय तक गाजीपुर कचरा पट्टी से निकलने वाले दूषित तत्व रिसकर भूजल तक पहुंच गए हैं। इन तत्व से भू जल को हुए नुकसान की पहचान के लिए भूजल विज्ञान प्रभाग की वैज्ञानिक डाक्टर अंजलि भागवत ने एक नवंबर 2019 से 31 मार्च 2024 तक क्षेत्र में सर्वे किया। साथ ही भूजल, मिट्टी सहित अन्य तत्व के नमूने एकत्रित कर जांच किए व लोगों से बातचीत की। इस दौरान उन्हें पता चला कि भूजल का प्रयोग करने वाले लोगों में त्वचा संबंधित गंभीर रोग हो गए हैं। कई मामलों में कैंसर होने की बात भी सामने आई। इस समस्या को देखते हुए प्रशासन की मदद से क्षेत्र में भूजल इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही दिल्ली जल बोर्ड को टैंकर या पाइप लाइन के माध्यम से पर्याप्त जल उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया गया है।

शोध

शोध के दौरान किए गए भूजल परिवहन मॉडलिंग के अनुसार प्रदूषण का फैलाव मुख्य रूप से दक्षिण और दक्षिण-पूर्व दिशा में लगभग दो किलोमीटर क्षेत्र तक पाया गया है। इस स्थिति से होने वाली परेशानी की रोकथाम के लिए शोध में प्रभावित क्षेत्रों में विशेष बफर और हस्तक्षेप क्षेत्र बनाने की सिफारिश की गई है। शोध में बताया गया कि दिल्ली जल बोर्ड ने प्रभावित क्षेत्रों में भूजल के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है। लोगों को पीने के पानी की आपूर्ति पाइपलाइन और टैंकरों के माध्यम से की जा रही है। इसके लिए दिल्ली जल बोर्ड ने हेल्पलाइन व्यवस्था भी शुरू की थी ताकि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। अध्ययन में यह भी सामने आया कि गाजीपुर कचरा पट्टी, संजय झील, यमुना नदी, वर्षा जल तथा अन्य स्रोत कई स्थानों पर जल प्रदूषण के संभावित कारण बने हुए हैं। वैज्ञानिकों ने प्रदूषण स्रोतों की पहचान के लिए ग्रिड आधारित तकनीक का उपयोग किया है, जिससे प्रभावित क्षेत्रों का सटीक आकलन किया जा सके।

ताजा शोध के मुताबिक, पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुरी, पूर्वी विनोद नगर और खिचड़ीपुर का भूजल गाजीपुर कचरा पट्टी के कारण विषैला हो गया है। इस क्षेत्र से निकलने वाले भूजल के इस्तेमाल ने गंभीर रोगों की आशंका को बढ़ा दिया है। यह खुलासा राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के भूजल जल विज्ञान प्रभाग के वैज्ञानिक द्वारा किए गए एक शोध में हुआ है।

गेंदे के फूलों तक पहुंचा प्रदूषण

शोध के दौरान प्रभावित क्षेत्र में गेंदे के पौधे भी लगाए गए। इन पौधे पर हुए अध्ययन के दौरान पाया गया कि मिट्टी या भूजल में पाया जाने वाले दूषित तत्व गेंदे के फूल तक पहुंच गया। यह गंभीर चिंता का विषय है। विशेषज्ञों का कहना है कि उक्त पौधे के फूल में भी दूषित तत्व पाए गए तो गंभीर स्थिति को दर्शाता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए वैज्ञानिक ने राष्ट्रीय जल आयोग को उचित कार्रवाई की सिफारिश की है। वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि कल्याणपुरी, विनोद नगर और खिचड़ीपुर के निवासियों को भूजल का उपयोग पीने या घरेलू जरूरतों के लिए नहीं करना चाहिए। इन क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल के लिए केवल अधिकृत जलापूर्ति स्रोतों पर ही निर्भर रहने से कई तरह की समस्याओं से बचा जा सकता है। वहीं अन्य विशेषज्ञों का कहना है कि यह शोध दूसरे कचरा पट्टी के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। इसे आधार बनाकर उक्त क्षेत्र में बचाव के लिए प्रयास किए जा सकते हैं। वहीं समय रहते उक्त क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाया जा सकता है।

देश में कचरे से बिजली उत्पादन की रफ्तार धीमी

पंकज रोहिला

कूड़े के पहाड़ व बिजली की बढ़ती मांग लगातार बड़ी मुसीबत बनकर सामने आ रही है। केंद्र सरकार ने देश में इस संकट से निजात पाने के लिए कचरे से बिजली जैसी अहम योजना शुरू की थी। इसके तहत राज्यों को अपने कचरे के माध्यम से बिजली बनानी थी और कचरा भी कम करना था।

इस पहल के बाद बीते तीन साल में एक अरब यूनिट (1000 मिलियन यूनिट) से अधिक बिजली बढ़ी है, जबकि देश में बिजली मांग में तेजी से इजाफा दर्ज हो रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीपाद नायक के मुताबिक, सरकार देश में हरित ऊर्जा का बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। केंद्र सरकार की रपट बताती है कि कचरे से बिजली उत्पादन करने के मामले में बड़ी ही धीमी रफ्तार से काम हो रहा है। इस श्रेणी में वर्ष 2021- 22 में कुल 1621.06 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया जा रहा था, जो कि वर्ष 2025 -26 में बढ़कर केवल 2703.82 मिलियन यूनिट तक हुआ है। इस प्रकार बीते सालों में कचरे से बिजली का उत्पादन करीब 1082.76 मिलियन यूनिट बढ़ा है। तय मानकों के हिसाब से एक मिलियन यूनिट में करीब दस लाख यूनिट बिजली आती है। इस प्रकार कचरे से 1082760000 (1.08 अरब) यूनिट का इस्तेमाल उपभोक्ताओं द्वारा कचरे से बनी बिजली से किया जा रहा है।

कचरे से बिजली बनाने वाले राज्यों में दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महराष्ट्र, गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल जैसे प्रमुख राज्य शामिल हैं। अभी भी देश के कई राज्यों में इस दिशा में पहल होने का इंतजार है। हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, जैसे प्रमुख राज्य हैं। इन राज्यों में कचरे से बनी बिजली का उत्पादन शून्य दर्ज किया गया है।

रिपोर्ट बताती है कि पूरे भारत में कुल 283621.23 मिलियन (2.8 अरब) यूनिट का बिजली उत्पादन किया जा रहा है। इस बिजली में पवन ऊर्जा से 101248.02, सौर ऊर्जा से 155370.47, बायोमास से 3732.27, गन्ना खोई से 9142.87, लघु हाइड्रो से 11423.78 और कचरे से कुल 2703.82 मिलियन इकाई बिजली का उत्पादन हो रहा है। केंद्र सरकार के मुताबिक केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) का अनुमान है कि राष्ट्रीय विद्युत योजना के अनुसार वर्ष 2031-32 में संस्थापित उत्पादन क्षमता 873736 मेगावाट होने का अनुमान है, जिसमें लगभग 5,07,411 मेगावाट क्षमता गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोत जैसे 364566 मेगावाट सौर ऊर्जा, 121895 मेगावाट पवन ऊर्जा, 15500 मेगावाट बायोमास और 5450 मेगावाट लघु जल विद्युत से प्राप्त होगी। वर्तमान में कुल 524 गीगा वाट संस्थापित क्षमता से में करीब 215.5 गीगावाट बिजली गैर पारंपरिक स्रोत से प्राप्त होती है।

केंद्र सरकार की रपट बताती है कि कचरे से बिजली उत्पादन करने के मामले में बड़ी ही धीमी रफ्तार से काम हो रहा है। इस श्रेणी में वर्ष 2021- 22 में कुल 1621.06 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया जा रहा था, जो कि वर्ष 2025 -26 में बढ़कर केवल 2703.82 मिलियन यूनिट तक हुआ है।

154830 मेगावाट नवीनीकरणीय ऊर्जा क्षमता

रिपोर्ट बताती है कि 154830 मेगावाट नवीनीकरणीय ऊर्जा क्षमता है। इसमें 64670 मेगावाट सौर ऊर्जा, 6490 मेगावाट पवन ऊर्जा, और 59990 मेगावाट हाइब्रिड ऊर्जा निर्माणाधीन (जनवरी 2026 तक) है जबकि 47920 मेगावाट नवीनीकरण ऊर्जा क्षमता जिसमें 35440 मेगावाट सौ ऊर्जा और 10080 मेगावाट हाइब्रिड योजना 2029 - 30 तक पूर्ण होने का लक्ष्य है।

इंसानों की तरह मिट्टी की सेहत की भी फिक्र जरूरी

सर्वेश कुमार

इंसानों की तरह मिट्टी की सेहत का भी ध्यान रखकर फसलों की उत्पादकता में बढ़ोतरी की जा सकती है। इसके लिए खास तौर पर मिट्टी में पोषक तत्वों के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। इसमें जैविक खाद, लघु सिंचाई सहित अन्य उपायों को अपनाकर फसलों के लिए पौधों को पोषण तत्वों के नुकसान की बचत की जा सकती है। जैविक खेती से उर्वरकों के इस्तेमाल में कटौती के साथ ही देश में फसलों की गुणवत्ता में सुधार से कृषि क्षेत्र के विकास को नई रफ्तार मिल सकती है।

जानकारों का कहना है कि जैविक खेती करने वाले किसानों की वित्तीय सेहत बेहतर बनाए रखने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने की जरूरत है। कृषि मामलों के जानकारों के मुताबिक पश्चिम एशिया संकट के बीच जैविक खेती और जैव उर्वरकों के इस्तेमाल बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए सरकार की तरफ से कई योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। प्राकृतिक खेती के साथ साथ उर्वरकों का कम से कम इस्तेमाल के साथ साथ मिट्टी में पोषक तत्वों के बीच संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है। कुछ जगहों पर खेतो की मिट्टी में नाइट्रोजन अगर 30-40 फीसद है तो इसे बढ़ाकर 70 फीसद किया जा सकता है।

पर्यावरण

इसके लिए पानी का नुकसान या वाष्पीकरण और पोषक तत्वों की कमी को दूर करना जरूरी है। पोषक तत्वों के संरक्षण के लिए एहतियाती उपायों से बेहतर पैदावार के साथ साथ फसलों की गुणवत्ता और बेहतर हो सकती है। मिट्टी की मैपिंग के जरिए जरूरी पोषक तत्वों के संतुलित इस्तेमाल से पैदावार की गुणवत्ता और मात्रा में भी बढ़ोतरी की जा सकती है। रसायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल में पोषक तत्वों के असंतुलित इस्तेमाल का असर मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी प्रभावित होती है। जैविक कृषि एक ऐसी विधि है जिसमें रासायनिक खाद, कीटनाशकों और कृत्रिम दवाओं के बयान पूरी तरह से प्राकृतिक संसाधनों, जैविक खादों का इस्तेमाल किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हुए भूमि की उर्वरा शक्ति को सुरक्षित बनाए रखना है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक पदमश्री ए के सिंह के मुताबिक गुणवत्ता कृषि को बढ़ावा देने के लिए मिट्टी की गुणवत्ता, खासकर इसके पोषण का ध्यान रखना जरूरी है। फिलहाल कई बार खेतों में मिट्टी की जरूरत के मुताबिक नाइट्रोजन, पोटाश, फास्फोरस सहित अन्य पोषक तत्वों का असंतुलन होने से भी पैदावार प्रभावित होती है। जैव उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए इनकी गुणवत्ता नियंत्रण के लिए बेहतर प्रबंधन भी जरूरी है।

जैविक खेती से उर्वरकों के इस्तेमाल में कटौती के साथ ही देश में फसलों की गुणवत्ता में सुधार से कृषि क्षेत्र के विकास को नई रफ्तार मिल सकती है।

मिट्टी की मैपिंग के जरिए जरूरी पोषक तत्वों के संतुलित इस्तेमाल से पैदावार की गुणवत्ता और मात्रा में भी बढ़ोतरी की जा सकती है। रसायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल में पोषक तत्वों के असंतुलित इस्तेमाल का असर मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी प्रभावित होती है।

स्वच्छता

अहमदाबाद में मंगलवार को स्वच्छता अभियान के तहत साबरमती नदी की सफाई करते स्वयंसेवक।

रोमांच व संस्कृति का संगम बनी 'बाइकिंग' प्रतियोगिता

सुनील दत्त पांडेय

उत्तराखंड के सीमांत जनपद चमोली की सुरम्य एवं सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण नीति घाटी में 31 मई से दो जून तक आयोजित 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' के अंतिम दिन गमसाली से मलारी के मध्य 30 किलोमीटर एमटीबी (माउंटेन बाइकिंग) चैलेंज प्रतियोगिता का रोमांचक आयोजन किया गया। दुर्गम पहाड़ी रास्तों, चुनौतीपूर्ण ट्रैक और मनमोहक प्राकृतिक वादियों के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर से आए 100 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। 30 किलो मीटर पुरुष एमटीबी चैलेंज प्रतियोगिता में खरिकसिंग अडानिस तांगपू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सूरज राणा मगर दूसरे एवं प्रकाश थापा मगर तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग की 30 किलोमीटर एमटीबी चैलेंज प्रतियोगिता में अवनी डरियाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। संध्या मौर्या दूसरे तथा इंद्रा कुमारी तमांग तीसरे स्थान पर रहीं।

15 किलोमीटर पुरुष एमटीबी चैलेंज प्रतियोगिता में प्रज्जवल चौहान प्रथम, इशांत सिंह अधिकारी द्वितीय तथा अश्विन रौथान तृतीय स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में प्रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पर्यटन विभाग द्वारा भारतीय सेना एवं भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय इस भव्य आयोजन में देश के 27 राज्यों से आए कुल 1200 से अधिक प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया। तीन दिवसीय इस आयोजन का उद्देश्य सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना, स्थानीय संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाना तथा फिटनेस एवं साहसिक खेलों के प्रति जागरूक करना है।

वर्ष 2047 तक 6.8 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन में कमी संभव

सुशील राघव

देश के शहरों में निकलने वाले जैविक कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन न केवल स्वच्छता और ऊर्जा उत्पादन के लिए महत्त्वपूर्ण है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन से मुकाबले का भी प्रभावी माध्यम बन सकता है। ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल परिषद (सीईईडब्ल्यू) की एक नई रिपोर्ट के अनुसार यदि भारत जैविक कचरे के संग्रहण और प्रसंस्करण को व्यापक स्तर पर अपनाता है तो वर्ष 2047 तक लगभग 6.8 करोड़ टन कार्बन डाइआक्साइड समतुल्य उत्सर्जन में कमी लाई जा सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में बड़ी मात्रा में जैविक कचरा खुले में फेंका जाता है या कूड़ा स्थलों तक पहुंच जाता है, जहां से मीथेन जैसी हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है। मीथेन को जलवायु परिवर्तन के लिए सबसे खतरनाक गैसों में माना जाता है। यदि इस कचरे को खाद और जैव-गैस बनाने के लिए उपयोग किया जाए तो उत्सर्जन को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अध्ययन के अनुसार, त्वरित नीतिगत हस्तक्षेप वाले परिदृश्य में देश 2047 तक जैविक कचरे का सौ फीसद संग्रह और 95 फीसद तक प्रसंस्करण करने में सक्षम हो सकता है। इससे कचरे के ढेरों पर जाने वाली मात्रा घटेगी और उससे बनने वाली मीथेन गैस के उत्सर्जन में भी बड़ी कमी आएगी। इसके साथ ही खाद, जैविक उर्वरक और जैव-सीएनजी जैसे उत्पादों का उत्पादन बढ़ेगा।

रिपोर्ट चेतावनी देती है कि यदि वर्तमान व्यवस्था में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया तो वर्ष 2047 तक कचरा क्षेत्र से होने वाला उत्सर्जन बढ़कर लगभग 12 करोड़ टन कार्बन डाइआक्साइड समतुल्य तक पहुंच सकता है। इसलिए समय रहते प्रभावी कदम उठाना आवश्यक है। सीईईडब्ल्यू प्रार्थना बोराह ने कहा कि कचरा प्रबंधन स्वच्छ हवा से संबंधित बुनियादी ढांचा है। खुले में कचरा जलाना भारतीय शहरों में हानिकारक पीएम 2.5 उत्सर्जन में लगभग 10 फीसद का योगदान देता है, जबकि उचित प्रबंधन न होने पर जैविक कचरा मीथेन, दुर्गंध, आग का जोखिम और प्रदूषण बढ़ाता है, जिससे पुनर्चक्रण योग्य (रीसायकल होने लायक) सामग्रियों का मूल्य घट जाता है। जैसे-जैसे भारतीय शहरों का विस्तार हो रहा है, कचरा प्रबंधन प्रणालियां न केवल मौसमी प्रदूषण के समय, बल्कि पूरे साल हवा की गुणवत्ता और जीवन जीने की सुगमता तय करेंगी। शहरों को कचरे की छंटाई, संग्रह (इकट्ठा करने), प्रसंस्करण, निगरानी और नियमों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए साल भर चलने वाली, अति-स्थानीय तंत्र की जरूरत है, विशेष रूप से थोक कचरा उत्पादकों, बाजारों, होटलों, रेस्तरां और बड़े आवासीय परिसरों के लिए।

रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के शहरों में प्रतिदिन लगभग 1.71 लाख टन ठोस कचरा उत्पन्न होता है, जिसमें करीब आधा हिस्सा जैविक कचरे का होता है। वर्ष 2047 तक यह मात्रा और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में जैविक कचरे का प्रभावी प्रबंधन स्वच्छ हवा, ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण होगा।

रिपोर्ट

वर्तमान में बड़ी मात्रा में जैविक कचरा खुले में फेंका जाता है या कूड़ा स्थलों तक पहुंच जाता है, जहां से मीथेन जैसी हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है। मीथेन को जलवायु परिवर्तन के लिए सबसे खतरनाक गैसों में माना जाता है। यदि इस कचरे को खाद और जैव-गैस बनाने के लिए उपयोग किया जाए तो उत्सर्जन को काफी हद तक कम किया जा सकता है।